


दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान 12



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला 12



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को 13



टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई 14

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.24
सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 204, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

# ट्रंप की ईरान को धमकी- होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो 20 गुना ताकत से करेंगे हमला

## ईरान बोला- एक लीटर तेल भी देश के बाहर नहीं जाने देंगे, होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।


तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

- मंगलवार को ईरान ने इजराइल, खाड़ी देशों पर नए हमले किए, कहा- युद्ध विराम के बजाय हमलावरों को देंगे कड़ा जवाब

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

**बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया**

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

**न्यूज ब्रीफ**

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमशः 9,460 और 9,436 हैं।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।



**पीठ की टिप्पणी**

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी
- कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

# एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

- निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव

## प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

# केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार करोबार पेज पर)

**मंत्रिमंडल के अहम फैसले**



- चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

**निर्णय**

**मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य**

# प्रदेश के अब हर गांव तक पहुंचेगी परिवहन निगम से जुड़ी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।


कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू, ओला-उबर एग्रीगेटर को 5 लाख रुपये देकर कराना होगा पंजीकरण

### खतौनी जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

### यूपी में अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

# कार्यालय नगरपालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर

पत्रांक: 1226 न0पा0परि0ज0/नीलाम सूचना / 2025–26 दिनांक – 10/03/2026

**टैक्सी,टैम्पो, बस स्टैण्ड नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 (01–04–2026 से 31–03–2027) हेतु नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर सीमान्तर्गत टैक्सी, टैम्पो, बस स्टैण्ड की नीलामी दिनांक 24–03–2026 को प्रात: 01 बजे दिन में नगर पालिका परिषद जलालपुर कार्यालय सभागार में सम्पन्न होगी, यदि किन्ही कारणो से नीलामी उक्त तिथि को नहीं होती है, तो पुनः नीलामी दिनांक–25–03–2026 को अपरान्ह 01 बजे की जायेगी ।उक्त तिथि को नीलामी पूर्ण न हो पाने के कारण पुन: दिनांक 27–03–2026 को 01 बजे होगी ।इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक 23–03–2026 को प्रात: 10 बजे से 01 बजे अपरान्हन तक रू0–1,00,000.00 (एक लाख रुपया) नकद बतौर जमानत धनराशि तथा जिला मजिस्ट्रेट महोदय अम्बेडकर नगर द्वारा हस्ताक्षरित रुपया तीन लाख का हैसियत प्रमाण–पत्र तथा चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली का 1/3 धनराशि नकद जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है ।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है–**

1. यह ठेका नगर पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो पर जीप, टैम्पों, बस, मिनी बस इत्यादि वाहनो से शुल्क वसूल करने के संबंध में है ।
2. यह ठेका वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये है।
3. ठेके की नीलामी में वही लोग भाग ले सकते है जिन्होने उप नियमों के अनुसार 1,00,000.00 (एक लाख रुपया) जमानत धनराशि तथा वांछित हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण–पत्र जमा किये हों ।
4. बोली समाप्त होने के बाद सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तत्काल जमा करना आवश्यक है तथा शेष 2/3 धनराशि तीन समान किश्तो में दिसम्बर 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा ।
5. वांछित धनराशि उपरोक्तानुसार जमा न करने पर ठेका निरस्त किया जा सकता है और पुन: नीलामी की कार्यवाही की जा सकती है ।
6. बोली स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित मूल्य के जनरल स्टाम्प पर नगर पालिका से अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा ।
7. पुन: नीलामी किये जाने पर यदि पालिका को क्षति होती है तो उसकी प्रतिपूर्ति ठेकेदार से की जायगी।
8. वाहनों से शुल्क पालिका द्वारा निर्धारित दरों पर ही लिया जायेगा ।

9– ठेकेदार द्वारा विभिन्न गन्तव्य स्थानों के खड़े वाहनों के लिये टोकन की व्यवस्था की जायेगी जिस वाहन को टोकन मिलेगा वही सवारियाँ बैठायेगा ।

10– ठेकेदार नगर पालिका द्वारा अनुमोदित रसीदे ही प्रयोग में लायेगा पड़ाव अड्डा पर केवल परिवहन विभाग द्वारा निर्गत परमिट अथवा लाइसेंस प्राप्त वाहनों को ही खड़ा करने की अनुमति दी जायेगी ।

11– नगर पालिका द्वारा घोषित कोई भी बकायेदार नीलामी में भाग नहीं ले सकेगी 12– नगर पालिका की उपविधियों तथा उपरोक्त शर्तो का उल्लंघन करने पर ठेका निरस्त कर जमानत धनराशि जब्त की जा सकती है तथा ठेका निरस्त किया जा सकता है।

13– नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता सरकारी नीलामी से अधिक की बोली में एक बार में 50 हजार रुपये से अधिक एवं 5 हजार रुपये से कम की नीलामी धनराशि नही बोल सकते है।

14– नगर पालिका परिषद जलालपुर किसी प्रकार की दैविक आपदा से हुई, किसी प्रकार की क्षति के लिये, किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति के लिये जिम्मेदार नही है।

15– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों जो कि अभिलेख के अनुसार योग्य है। उनके अतिरिक्त अन्य कोई प्रतिनिधि / सहयोगी बोली में भाग नही ल सकता।

16– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का संवाद किसी प्रकार के दूर संचार संयत्र का प्रयोग तब  तक नहीं किया जायेगा जब तक किया जायगा जब तक कि नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो जाती है।

17– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्र को लेकर नीलामी में भाग लेने की अनुमति नही होगी।

18– किसी भी पार्किग स्थल का संशोधन परिवर्तन/परिवंधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

19–नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पालिका एवं शासन द्वारा समय समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा ।

20–ठेकेदार द्वारा यदि वसूली में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

21– ठेकेदार द्वारा वाहनो को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा कराया जायेगा ।

22–यह कि ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने के बाद जिन कर्मचारियो का वसूली हेतु लगाया जायेगा, उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा ।

23–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के संबंध में समय समय पर जारी शासनादेश व कार्यालय आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर ।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर ।**

# कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, बलरामपुर

पत्रांक: 1831/न0पा0 परि0 (बल) / 2025–26 दिनांक– 10–03–2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 हेतु Non-Million Plus cities के लिए बुनियादी अनुदान (Untied Grant) एवं निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त की धनराशि के रूप में प्राप्त अनुदान से नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में प्रस्तावित कार्यो को कराये जाने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है व नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला के लिय भूसा चारा आदि की आपूर्ति तथा बोर्ड फण्ड से सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईट बिछाने का कार्य किया जाना है। तत्क्रम में उपरोक्त स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। समस्त ठेकेदारों को निविदा हेतु 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

निविदा दिनांक–11.03.20 से दिनांक–20.03.2026 तक समय प्रात: 11:00 बजे तक कार्यदिवस पर कार्यालय में रखे निविदा बॉक्श में निविदा डाली जा सकती है। उक्त तिथियों में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में किसी भी कार्यदिवस में निविदा प्रपत्र का शुल्क जमा करके निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।निविदा दिनांक 18.03. 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे अध्यक्ष महोदय के कक्ष मे अध्यक्ष महोदय तथा अधिशासी अधिकारी के समक्ष निविदा खोली जायेगी, निविदा खोलते समय निविदादाता उपस्थित रह सकते है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि (02 प्रतिशत) | निविदा मूल्य (जी0 एस0 टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 3 खलवा दक्षिणी अंकित मिश्रा के मकान से मदनमोहन के मकान तक गली में इण्टरलाकिंग नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 156941.00 | 3139.00 | 190.00 | 06 माह |
| 2 | वार्ड नं0 5 विशुनीपुर रिजर्व में धर्मपुर में जमाल के मकान से विनोद चौहान के मकान होते हुये बिहारी के हाता तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 310000.00 | 6200.00 | 370.00 | 06 माह |
| 3 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे श्री भगवान विश्वकर्मा मन्दिर के सामने इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य। | 98642.00 | 1973.00 | 120.00 | 06 माह |
| 4 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे वारिस अली के दुकान के सामने इण्टरलाकिंग कार्य। | 102692.00 | 2054.00 | 125.00 | 06 माह |
| 5 | वार्ड नं. 10 टेढ़ी बाजार में विपिन मिश्रा के मकान से मोनू शुक्ला के मकान तक गली में सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 141247.00 | 2825.00 | 170.00 | 06 माह |
| 6 | वार्ड नं0 12 खलवा उत्तरी में धर्मेन्द्र शुक्ला के मकान के पास शिव जी मन्दिर से राजकुमार के मकान तक गली में सी0सी0 कार्य। | 68646.00 | 1373.00 | 85.00 | 06 माह |
| 7 | वार्ड नं0 12. खलवा उत्तरी में गोरख प्रसाद श्रीवास्तव के मकान से शिव कुमार द्विवेदी के मकान तक गली में सी0सी0, नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 141000.00 | 2820 | 170.00 | 06 माह |
| 8 | वार्ड नं0 14 बस स्टेशन में पदम श्री बेकल उत्साही मार्ग लिंक, राजेश सक्सेना के मकान के बगल गली में सी0सी0 कार्य। | 84782.00 | 1696.00 | 105.00 | 06 माह |
| | **निर्दिष्ट अनुदान (Tide Grant) प्रथम एवं द्वितीय किश्त** | | | | |
| 9 | जनपद बलरामपुर मुख्यालय पर अचलापुर वेट–वेस्ट तक लाइन विस्तार का कार्य हेतु। | 739000.00 | 14780.00 | 875.00 | 06 माह |
| 10 | नार्मल पानी टंकी परिसर में कर्मचारी आवास मरम्मत का कार्य। | 70000.00 | 1400.00 | 85.00 | 06 माह |
| 11 | वार्ड नं0 6 पहलवारा में कैलाश कुमार द्विवेदी के मकान से अश्वनी कुमार त्रिपाठी के मकान, रमेश चन्द्र के मकान होते हुए सी0पी0 श्रीवास्तव के मकान तक नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 232683.00 | 4654.00 | 275.00 | 06 माह |
| 12 | वार्ड नं0 2 तुलसीपार्क में गुप्ता डिजिटल एक्स–रे/मुरादाबादी चिकन बिरयानी सेंटर के सामने नाला पर आर0सी0सी0 स्लैब का निर्माण कार्य। | 55552.00 | 1111.00 | 70.00 | 06 माह |
| 13 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में काली माई थान तिराहा के पास रफीक बैट्री सर्विस शॉप के सामने नाला मरम्मत व स्लैब का निर्माण कार्य। | 53154.00 | 1064.00 | 65.00 | 06 माह |
| 14 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में राजू के मकान के सामने शिव जी मन्दिर के पास सी0सी0 कार्य। | 175851.00 | 3517.00 | 210.00 | 06 माह |
| 15 | छोटे वाहनों का मरम्मत कार्य | 593220.00 | 11864.00 | 705.00 | 06 माह |
| 16 | बडे वाहनों का मरम्मत कार्य | 677966.00 | 13559.00 | 800.00 | 06 माह |
| 17 | कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में अधिशासी अधिकारी कक्ष में बाथरूम का निर्माण, फ्लोर पर टाइल लगाने, वॉल पैनलिंग का कार्य, अध्यक्ष कक्ष में फ्लोर पर टाइल लगाने तथा कार्यालय पेंटिग का कार्य। | 805085.00 | 16102.00 | 955.00 | 06 माह |
| 18 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत् वीर विनय चौराहा के पास महेश मेडिसिन के सामनें सी0सी0, तुलसीपुर रोड के किनारे, नगर पालिका मोड़ पर सी0सी0 तथा नगर पालिका कार्यालय के पास क्रास ड्रेन के आंशिक भाग में सी0सी0 रैम्प का कार्य। | 126804.00 | 2537.00 | 150.00 | 06 माह |
| 19 | राजकीय कालोनी बहादुरपुर के पास अवशेष भाग में गोण्डा रोड के किनारे सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 164406.00 | 3288.00 | 195.00 | 06 माह |
| 20 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाने का कार्य। | 656841.00 | 13137.00 | 780.00 | 06 माह |
| 21 | आदर्श नगर पालिका सीमान्तर्गत स्थित वॉटर ए0टी0एम0 और वॉटर कूलर के पास सी0सी0 जाली पेंटिग, वेयस्टेड पानी को उचित जगह ले जाने का कार्य। | 483213.00 | 9664.00 | 575.00 | 06 माह |

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | निधि का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 02% | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईट बिछाने का कार्य। | बोर्ड फण्ड | 820000.00 | 16400.00 | 970 |

**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला हेतु भूसा चारा हेतु कोटेशन आमन्त्रण**

| क्रं0सं0 | आपूर्ति विवरण | दरें |
|---|---|---|
| 1 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु भूसा आपूर्ति का कार्य। | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 2 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु हरा चारा आपूर्ति का कार्य।(चरी) | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 3 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु चूना चोकर आपूर्ति का कार्य।(भूसा, भेली, पॉलिश, पशु आहार, खरी, नमक) | रू0 प्रति किग्रा में। |

**नियम एवं शर्ते**

1. निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा शुल्क तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि इण्टरनेट बैंकिंग / NEFT/RTĜ पालिका के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बलरामपुर खाता संख्या 11068756241 आई0एफ0एस0सी0 कोड SBIN0000019 में जमा करने व जमा पर्ची निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि का FDR अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलरामपुर के पक्ष में बनाकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 2. जमानत धनराशि की वापसी कार्य संतोषजनक स्थित में बने रहने की स्थिति में अन्तिम भुगतान के 12 माह के पश्चात तकनीकि अधिकारी की आख्या पर वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की खराबी आने की दशा में ठेकेदार को अपने व्यय पर ठीक कराना होगा। 3. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ टी–4, टी–5 नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा। 4. सम्बन्धित कार्य के सम्बन्ध में अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। 5. निविदा डालते समय 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि के अतिरिक्त कार्यादेश प्राप्त होने के उपरान्त 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यो की अवधि में तर्क संगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। 7. कार्य निर्धारित समय के अन्दर बिना कारण पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा। जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल में अथवा जमा धनराशि से की जायेगी। यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500/–प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। 8. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा। 9. किसी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलरामपुर का अन्तिम निर्णय होगा, जो उस पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न करने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 10. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। नियमानुसार स्टाम्प पर भुगतान से पूर्ण अनुबन्ध सम्पन्न कराया जाना अनिवार्य होगा। 11. निविदा क्रय की रसीद, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आदि वांछित अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बलरामपुर में प्रस्तुत करना है। 12. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या–14/2024/692/30.07.2024 लो0नि0वि0, अनुभाग–7 लखनऊ दिनांक–09 अगस्त 2024 के कॉलम 2 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाताओं की निर्विदत लागत, स्वीकृति (बी0ओ0 क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 01 प्रतिशत प्रति प्रतिशत की कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेश सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्धन गठन के समय जमा कराया जायेगा। 13. ठेकेदार को निर्धारित समय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण करना होगा। पूर्ण कार्य होने पर पालिका में धन उपलब्ध होने की दशा में नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पालिका में धन न होने पर ठेकेदार भुगतान हेतु धन की मांग/मा0 न्यायालय की शरण में नहीं जायेगा। 14. उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 एवं अन्य कर नियमानुसार देय होगा। 15. किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा पर विचार करना सम्भव नहीं होगा। 16. निविदा स्वीकृत उपरान्त 07 दिन के अन्दर स्वयं के खर्चे पर स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा, यदि कार्य का अनुबन्ध नहीं कराया जाता है तो धनराशि जब्त कर कार्य निरस्त कर दिया जायेगा, जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा। 17. राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियम डिसप्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था का नाम एवं कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि व कार्य प्रारम्भ तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा। 18. किसी भी दशा में निविदा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। 19. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 20. प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी।

**लाल चन्द मौर्य**
**अधिशासी अधिकारी आदर्श**
**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर**

**डॉ0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ''धीरू''**
**अध्यक्ष आदर्श**
**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर**




# शादियों में घटे पकवान, भंडारा स्थगित, भोग-प्रसाद पर संकट

## कॉमर्शियल सिलेंडर की आमद ठप, होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय पर मंडराए काले बादल

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत ने शहर की सामाजिक, धार्मिक और व्यावसायिक जिंदगी को प्रभावित कर दिया है। शादियों के सीजन में यह समस्या सबसे ज्यादा सतह पर आई है। सिलेंडर न मिलने से कैटरर्स और परिवारों को मजबूरन मेन्यू छोटा करना पड़ रहा है। होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय पर भी काले बादल मंडरा रहे हैं। राम मंदिर के निकट अमावा मंदिर में चलने वाली प्रसिद्ध राम रसोई को मंगलवार को आपात स्थिति में स्थगित कर दिया गया।

मंदिर प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि युद्ध के कारण रसोई गैस की भारी कमी है, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन वितरण प्रभावित हुआ है। इसी तरह हनुमानगढ़ी में भोग-प्रसाद तैयार करने में भी दिक्कत आ रही है। मंदिरों में दैनिक भोग के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की आपूर्ति बाधित होने से प्रसाद की मात्रा और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रही है। गुरुद्वारा नजरबाग के ज्ञानी रीशू बताते हैं कि उनके यहां भी रोजाना 250 से 300 लोग लंगर छकते हैं। गैस किल्लत ने संकट में डाल ही दिया है। हालांकि ईश्वर सब सही करेंगे।

वहीं घरेलू स्तर पर आम लोग भी परेशान हैं। सिलेंडर बुक कराने में मारामारी मची हुई है। पहले जहां 2-3 दिनों में रिफिल मिल जाता था, अब एक सप्ताह या उससे ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। कई एजेंसियों पर लंबी कतारें लगी हैं और कुछ जगह बुकिंग रद्द करके लोग लौटाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह संकट लंबा खिंचा तो शादियों, भंडारों और धार्मिक आयोजनों के अलावा स्थानीय व्यापार को भी बड़ा नुकसान होगा। प्रशासन से मांग है कि तत्काल आपातकालीन आपूर्ति बढ़ाई जाए और वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं।


राम मंदिर के निकट स्थित अमावा मंदिर। अमृत विचार


अयोध्या हनुमानगढ़ी पर लगी प्रसाद की दुकान। अमृत विचार


अमावा मंदिर के बाहर लगा नोटिस।

- घरेलू सिलेंडर की भी मारामारी, बुक कराने में भी हो रही भारी परेशानी, देहात में दिक्कत

### फैक्ट फाइल

- 52 के करीब जिले में गैस एजेंसी–52
- इंडेन की एजेंसी–28
- एचपी की एजेंसी–14
- बीपी की एजेंसी–10
- कॉमर्शियल सिलेंडर की मासिक खपत–10 हजार
- घरेलू सिलेंडर की महीने में खपत–3.31 लाख
- जिले में रोज घरेलू सिलेंडर की खपत–11 हजार

### अब पांच से छह सिलेंडर में ही चला रहे काम


सिलेंडर की किल्लत का बड़ा असर पड़ रहा है। शादियों में आइटम की संख्या लोग कम कर रहे हैं। लोग यहां शादियों में बड़ा मेन्यू रखते हैं। काफी खर्चा करते हैं। इसी कारण शादियों में 12 से 14 सिलेंडर लग जाते हैं, लेकिन दिक्कत बढ़ जाने के कारण 5 से 6 सिलेंडर में ही काम चलाया जा रहा है। **–सुरेश यादव, कैटरर्स, अयोध्या**

### 2019 से अनवरत चल रहा था भंडारा


अमावा मंदिर में एक दिसंबर 2019 से अनवरत भंडारा चल रहा है। 10 से 15 हजार लोग राम रसोई में तीनों समय प्रसाद ग्रहण करते हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण गैस की किल्लत हो रही है। इसलिए मंगलवार दोपहर दो बजे से हम लोग खाना बंद कर रहे हैं। यहां एजेंसी वाले गैस नहीं दे रहे हैं। ऐसे में हम लोग अब कुछ नहीं कर सकते। युद्ध लंबा चला तो लोगों को कुछ नया विकल्प तलाश करना पड़ेगा। **–पंकज कुमार, प्रबंधक, अमावा मंदिर ट्रस्ट।**

### कारखाना दो दिन से बंद, तैयार लड्डू बेच रहे


कॉमर्शियल सिलेंडर आना बंद हैं। कारखाना दो दिन से बंद है। हमारे पास जो लड्डू तैयार है। उसे ही बेच रहे हैं। अगर दो–तीन दिन ऐसा ही रहा तो दुकानें बंद करनी पड़ जाएंगी। अयोध्या हनुमानगढ़ी गढ़ी के पास 100 से 150 दुकानें हैं। हर दुकानदार 30 से 40 किलो लड्डू रोज बनाता है। एक सिलेंडर रोज चाहिए। सिलेंडर की परेशानी के कारण भोग–प्रसाद पर भी संकट गहरा रहा है। **–नंद लाल गुप्ता, प्रसाद विक्रेता, अयोध्या धाम।**

### होटल के लिए मंगाई कोयले की भट्टी


सिलेंडर की पांच से छह दिन और किल्लत और रही तो अयोध्या के 200 होटल–रेस्टोरेंट बंदी के कगार पर पहुंच जाएंगे। मेरा खुद का होटल है। अतिथि को दाल–रोटी तो खिलाना ही है। इसके लिए नया इंडक्शन और कोयले की भट्टी मंगाई है। यह एक विकल्प जरूर है, लेकिन समाधान नहीं है। सरकार की ओर से कोई प्रॉपर जवाब नहीं मिल रहा है। एजेंसी वाले कहते हैं कि आएगी तभी दे पाएंगे। **–अरुण अग्रवाल, महानगर महामंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल।**

## सुबह लाइन में लगे, शाम को जाना पड़ा खाली हाथ



गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भारी भीड़। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो रही है। सिलेंडर न मिल पाने से तमाम उपभोक्ता परेशान हैं और गैस एजेंसी में पर लाइन लगाए सुबह से खड़े रहते हैं। शिवकुमारी इंडियन सर्विस अबनपुर सरोहा पर मंगलवार को सुबह से गैस सिलेंडर के लिए खड़े सियाराम, जनक दुलारी, तारावती, कृष्णा देवी ने बताया कि बुकिंग नंबर कॉल किया जाता है, लेकिन ओटीपी नहीं आ रही है, जिसके चलते बुकिंग नहीं हो पा रही है। यहीं मौजूद द्वारिका प्रसाद, हरदेव, ओम प्रकाश ने बताया कि गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। सुबह आते हैं और शाम को खाली हाथ वापस चले जाते हैं। घर पर गैस न होने के चलते भोजन बनाने की दिक्कत खड़ी हो गई है।

### घरेलू सिलेंडर की कमी नहीं, अफवाह पर न दें ध्यान : डीएसओ

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की बिल्कुल भी कमी नहीं है। कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत की खबरें चल रही है। इसी कारण कुछ दबाव बढ़ा है। हालांकि अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही 14,670 घरेलू सिलेंडर जिले में पहुंचे थे, जिसमें से 11 हजार सिलेंडर की ही खपत हुई है। कालाबाजारी करने वालों पर निगाह रखने के लिए टीम गठित की गई है। बुक कराने वालों को सबसे पहले सिलेंडर दिया जा रहा है। बिना बुक कराए सिलेंडर किसी सूरत में नहीं दिया जाएगा। 25 दिन में ही दूसरा सिलेंडर मिलने प्रावधान है। तेल की बिल्कुल भी कमी नहीं है।

### 15 दिन पहले बुक की गई गैस, अब तक नहीं मिली

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। जय मां गायत्री गैस एजेंसी के मैनेजर आनंद सिंह ने बताया कि कंपनी से नए नियम लागू किए गए हैं। अब उपभोक्ताओं को पहले केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एक महीने की अवधि पूरी होने के बाद ही पहली बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि यह नियम सभी एजेंसियों के लिए अनिवार्य है। स्थानीय उपभोक्ताओं देवराग यादव, कपिल देव, राजू सिंह, गोकर्ण कौशिक और मनोज कुमार ने बताया कि 15 दिन पहले बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें अभी तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिली है, मंगलवार को सर्वर खराब होने के कारण बुकिंग भी नहीं हो पा रही थी। गोदाम पर मौजूद शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि केवल 14 किलो का घरेलू गैस सिलेंडर ही आ रहा है, कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जनता दर्शन कार्यक्रम में जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। यहां मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले सामने आए।

### पीड़ित के खाते में वापस कराए 79,779 रुपये

**मवई अयोध्या, अमृत विचार।** साइबर ठगों द्वारा एक युवक के खाते से निकाले गए रुपयों को मवई पुलिस ने वापस कराने में सफलता पाई है।


मवई गांव का एक युवक 20 जनवरी को अपने मोबाइल पर तीन पत्ती गेम खेल रहा था। इस दौरान उसने एप को इंस्टाल किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उसके खाते से 79,779 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। युवक ने 1930 पर शिकायत की तो उसके खाते को होल्ड कर दिया गया। थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि मेजांच के बाद कई किस्तों में उसके पैसे वापस कर दिए गए।

### एडीएम ने की परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे ने चौरासीकोसी, चौदहकोसी, पंचकोसी परिक्रमा पथ व रिंग रोड निर्माण/प्रतिकार भुगतान और आवास विकास परिषद से संचालित योजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की। निर्देश दिया गया कि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पात्र किसानों/भूमि स्वामियों को प्रतिकार भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, जिससे निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम (भू./आ.) कौशल कुमार, एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध कुमार सिंह, एडीएम वि एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट सहित सभी उप जिलाधिकारी और अधिशासी अभियंता मौजूद थे।

### श्रीराम की भव्य बारात निकाली

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के घटौली स्थित पूरे चिंता दूबे का पुरवा में मंगलवार को नवनिर्मित हनुमान मंदिर में होने वाली प्राण–प्रतिष्ठा से पूर्व भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। भक्ति गीतों और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए अमरगंज चौराहा, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, कलंदरपुर तथा पूरे मितई दूबे का पुरवा से होकर गुजरी। मार्ग में जगह–जगह स्वागत द्वार बनाकर श्रद्धालुओं ने बारात का भव्य स्वागत किया तथा प्रसाद का वितरण भी किया। आयोजन से जुड़े शालिक राम दुबे, जगदेव दुबे, पवन दुबे और शिवम दुबे ने बताया कि नवनिर्मित हनुमान मंदिर में शीघ्र ही प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। उदयाशंकर मिश्र, कमलेश पाठक, प्रभाकर दुबे, परशुराम रावत, रामसरन वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य से मारपीट, 14 पर केस

अयोध्या कार्यालय

- चर्च की जमीन बेचने को लेकर चल रहा विवाद

**अमृत विचार।** मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रूही पॉल से मारपीट करने के मामले में थाना कैंट पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रुही पॉल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे वह चर्च में प्रार्थना करने गई थीं। जहां पहले से मौजूद हिना मसीह पत्नी विनय मसीह उन पर कटाक्ष करने लगी। मैं ने शांतिपूर्ण ढंग से चर्च के माइक पर अपनी समस्या रखने का प्रयास किया, इस पर जया ने माइक बंद कर दिया और मुझसे मारपीट करने लगी। मैंने पुलिस को फोन किया लेकिन पुलिस के आने से पहले हिना मसीह, जया, सैमसन, सौरभ विलियम, विनय विल्सन, सुनील मसीह, जानसन मसीह, चंदा, रंजना, आकांक्षा, हिना, एलिस दास, वेलेंटीना मार्टिन व ग्रेसी केली ने मुझे मारपीटा। आरोप लगाया कि बाद में आकांक्षा और जया मेरे घर तक मुझ पर हमला करने आई व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

बताया जा रहा है चर्च की जमीन को बेचने के लिए आपस में विवाद चल रहा है। रुही पॉल इसका विरोध कर रहीं हैं। चर्च में रविवार को आरोपियों ने सदस्यता को लेकर भी सवाल जवाब किया, इसी पर विवाद हो गया था। थाना प्रभारी कैंट संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की विवेचना की जा रही है।

## अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार को अलग-अलग हुईं सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। शेरपुर पारा बाजार के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार तोरोमाफी दराबगंज बीकापुर निवासी इमरान (35) व शादाब (16) घायल हो गए। भगवती नगर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक चौरे बाजार निवासी वासु तिवारी (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य सड़क हादसे में बाइक सवार रिकाबगंज अयोध्या निवासी मोहम्मद इरफान (36) और मोहम्मद समीर (15) घायल हो गए। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र बीकापुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता ने इमरान और वासु तिवारी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।






पत्नी के साथ महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कोरियाई दल का किया स्वागत। अमृत विचार

### 11 सदस्यीय कोरियाई दल ने मातामही को किया नमन

- महापौर ने दल का किया स्वागत, स्मारक के विकास में सहयोग का वादा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कोरिया का 11 सदस्यीय दल मंगलवार को रामनगरी पहुंचा और राजकुमारी सूरीरत्ना (दक्षिण कोरिया के गया राज्य की महारानी हेलो ह्वांग–ओक) के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व उनकी पत्नी राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने कोरियाई प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। कोरिया गणराज्य का 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इंचियोन ली क्वान एसोसिएशन के अध्यक्ष ली जिन ओके के नेतृत्व में अपनी मातामही रानी हो से जुड़ी स्मृतियों को ताजा करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दुभाषिया के माध्यम से हुई बातचीत में प्रतिनिधि मंडल ने रानी हो मेमोरियल पार्क में पूजा स्थल के विकास की आवश्यकता जताई। महापौर ने स्मारक के विकास में हर संभव सहयोग का वादा किया। उन्होंने इसके लिए भारतीय दूतावास के माध्यम से पत्राचार करने का सुझाव दिया। कोरियाई प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि आगामी छह अक्टूबर को 100 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रानी हो को नमन करने अयोध्या आएगा। उन्होंने अप्रैल में दक्षिण कोरिया में हो रहे कार्यक्रम में आने का निमंत्रण महापौर को दिया।


सरयू घाट पर भ्रमण करते हुए आसाराम बापू। अमृत विचार

### रामलला का दर्शन करने पहुंचे आसाराम बापू

**अयोध्या, अमृत विचार :** संत आसाराम बापू मंगलवार को अयोध्या धाम पहुंचे। सरयू तट पर पैदल भ्रमण किया और आरती ने शामिल हुए। यहां सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला में एक दिन के प्रवास के बाद बुधवार सुबह रामलला का दर्शन करेंगे। इस दौरान बात करते हुए बताया कि अपने भारत के सप्त जगह की ये ताकत है कि कैसा भी आदमी वहां प्राण छोड़े दे। उसका मंगल होता ही है। सात जगह है अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका पूरी, द्वारावती चेव मोक्ष दयानी सात मोक्ष दाई स्थान है। हमारे शरीर में वात, पित्त व कफ़ तीन दोष होते है। तीन दोष में इस तीर्थ में आने से एक दोष कम हो जाता है।

# हनुमानगढ़ी के पहलवान रितेश ने जीती कुश्ती

अयोध्या कार्यालय


श्याम क्लब द्वारा आयोजित दंगल का शुभारंभ करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

- अयोध्या में 55वां राज्यस्तरीय विराट दंगल सम्पन्न

**अमृत विचार :** रामनगरी में बुढ़वा मंगल पर अशर्फी भवन के पास स्थित श्याम क्लब मैदान में 55वें राज्यस्तरीय विराट दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस दंगल में छोटी-बड़ी मिलाकर 100 से अधिक कुश्तियाँ कराई गईं, जिनमें 56 बड़ी कुश्तियाँ मुख्य आकर्षण रहीं। देश के पांच राज्यों और 12 से अधिक जिलों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाये। हनुमानगढ़ी के रितेश पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 लाख 21 हजार रुपये की कुश्ती जीती। भारत केसरी पहलवान रामेश्वर यादव भी दंगल में विशेष आकर्षण रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद ब्रिज भूषण शरण सिंह ने किया। उन्होंने पारंपरिक कुश्ती की इस समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। दंगल के आयोजक बाबा धनश्यामदास पहलवान ने बताया कि बुढ़वा मंगल के अवसर पर हर वर्ष इस विराट दंगल का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आने वाले समय में इसे और भव्य रूप दिया जाएगा।

कार्यक्रम में राजेश महाराज, मामा दास, शशिकांत दास, मनीष दास और संजय दास सहित कई संत-महंत शामिल हुए और पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की पूरी तैयारी प्रियेश दास ने व संयोजन प्रिंस वर्मा ने किया।

## 850 शिक्षकों की लगी ड्यूटी, पढ़ाई प्रभावित

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में इन दिनों ड्यूटी का डंका बज रहा है, जिससे परिषदीय विद्यालयों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। राज्य स्तर पर चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में 500 से अधिक शिक्षक लगाए गए हैं। जनगणना की तैयारियों और ड्यूटी में 200 शिक्षक व्यस्त हैं। इसके अलावा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अलग से 60 शिक्षक ड्यूटी पर तैनात हैं। इतना ही नहीं 90 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी अब जनगणना में भी लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व महामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह का कहना है कि अधिकारियों को शिक्षकों की बहु-कार्यभार वाली स्थिति पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, ताकि बच्चों की शिक्षा पर कोई असर न पड़े। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि केवल तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी है वह भी वह शिक्षक जिनके यहां की टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं, बुधवार को सभी दायित्व से मुक्त कर दिए जायेगें।

**कवायद** खींचा जाने लगा सुरक्षा का खाका, हैलीपैड व सेफ हाउस का निर्माण शुरू

# विशेष विमान से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेंगी राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय।

- यहां से सेना के हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय और वहां से सड़क मार्ग से जाएंगी राम मंदिर



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का खाका खींचना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति विशेष विमान से महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे पहुंचेंगी। जहां उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। यहां से वह सेना के हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय जाएंगी। वहां से सड़क मार्ग से करीब डेढ़ किमी. की दूरी तय कर वीवीआईपी प्रवेश द्वार-11 जगदगुरु आद्य शंकराचार्य से राम मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगी।

इसको लेकर साकेत महाविद्यालय में हैलीपैड व सेफ हाउस का निर्माण शुरू हो गया है। यहां से टेढ़ी बाजार (निषादराज चौराहा) होते हुए राम मंदिर जाने वाले करीब डेढ़ किमी. के सड़क मार्ग को संवेदनशील माना जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खुफिया एजेंसियों ने इस मार्ग पर रहने वाले लोगों, दुकानदारों का नए सिरे से ब्यौरा जुटाकर उनका सत्यापन करना शुरू कर दिया है।

साथ ही इस मार्ग पर पड़ने वाले होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे आदि को भी सूचीबद्ध कर उन पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। इनको स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 18 व 19 मार्च को ठहरने वाले लोगों को पहचान पत्र समेत अन्य ब्यौरा पुलिस को उपलब्ध कराएं। जानकारी के अनुसार पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तरह ही इस मार्ग के दोनों ओर बैरिकेडिंग भी की जा सकती है। साथ इस मार्ग पर 19 मार्च को राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान आवागमन भी प्रतिबंधित किया जा सकता है।

### एयरपोर्ट से राम मंदिर तक के मार्ग को भी रखा जाएगा सुरक्षित


सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एयरपोर्ट से हाईवे होते हुए महोबरा चौराहे से टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर जाने मार्ग को सुरक्षित रखने की तैयारी है। इसको लेकर सुबह 9 बजे से राष्ट्रपति के वापसी तक हाईवे पर डायवर्जन भी लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दो–तीन दिनों में राष्ट्रपति के सुरक्षा से जुड़े अधिकारी अयोध्या आ सकते हैं। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि वीवीआईपी प्रोटोकाल के तहत सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

मवई, अयोध्या।

- पटरंगा स्टेशन के बगल स्थित नंदू का पुरवा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर हुई दुर्घटना, आधे घंटे खड़ी रही ट्रेन

**अमृत विचार :** पटरंगा रेलवे स्टेशन के बगल स्थित नंदू का पुरवा गांव के समीप 1018/15 रेलवे ट्रैक पर मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से लगभग महिला की मौत हो गई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक ट्रेन संख्या 15023 गोरखपुर–जसवंतनगर एक्सप्रेस स्टेशन पर खड़ी रही। साथ ही रेलवे क्रॉसिंग भी बंद रही, जिससे दोनों ओर लंबा जाम लगा रहा।

महिला मालगाड़ी आने के दौरान ट्रैक पार करने का प्रयास कर रही थी। हादसे के बाद क्षत विक्षित शव ट्रैक पर ही पड़ा रहा। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाया, जिसके बाद एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया गया। पुलिस ने नंदू का पुरवा, कटघरा, जखौली सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत ने बताया कि महिला की उम्र करीब 48 वर्ष लग रही है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास जारी है, आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खो-खो में अयोध्या व कबड्डी में बस्ती मंडल ने जीता खिताब

अयोध्या कार्यालय।


प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिका टीम से परिचय प्राप्त करते एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार।


प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की बालक कबड्डी स्पर्धा में प्रतिद्वंदी को घेरते खिलाड़ी।

- 100 मीटर फर्राटा में अयोध्या के सिराज, 200 मीटर में मिर्जापुर के गुलशन अव्वल

**अमृत विचारः** डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में जीत दर्ज कर पदक अपने नाम किए। एडी बेसिक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह व गोरखपुर एडी बेसिक संगीता सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया।

तीसरे दिन हुई प्राथमिक स्तर दौड़ 50 मीटर स्पर्धा के बालिका वर्ग में अलीगढ़ के सेजल-प्रथम, वाराणसी की अंशिका यादव-द्वितीय व मेरठ की सुहानिया-तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में वाराणसी के विशाल-प्रथम, मिर्जापुर के दीपक- द्वितीय व आगरा के मयंक-तृतीय रहे। 100 मीटर में नैंसी यादव वाराणसी प्रथम, सगोपी बरेली द्वितीय, सेजल अलीगढ़ तृतीय रहीं। जूनियर बालक वर्ग अयोध्या के सिराज अली-प्रथम, वाराणसी के धनंजय- द्वितीय, झांसी के सुमित-तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग200 मीटर में नैंसी वाराणसी प्रथम, रोशनी अलीगढ़ द्वितीय, अनीता प्रयागराज तृतीय रहीं।बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ में वाराणसी की अंशिका यादव-प्रथम, मुरादाबाद की पलक-द्वितीय, गोरखपुर की अतिया-तृतीय रहीं।

नियर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में मुरादाबाद के कार्तिक-प्रथम, लखनऊ के संजय-द्वितीय, वाराणसी के राजन यादव-तृतीय रहे। बालिका वर्ग में मुरादाबाद की पलक-प्रथम, मिर्जापुर की रेशमा-द्वितीय, देवीपाटन मंडल की सानिया-तृतीय रहीं। 600 मीटर में गोरखपुर की अतिया- प्रथम, वाराणसी की शिवांगी यादव-द्वितीय, आगरा की करिश्मा -तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग की 200 मीटर में मिर्जापुर के गुलशन कुमार-प्रथम, मुरादाबाद के अर्जुन-द्वितीय, लखनऊ के शिवम-तृतीय, 400 मीटर में गोरखपुर के खिताबुद्दीन शेख-प्रथम, मुरादाबाद के अर्जुन-द्वितीय, आगरा के शुभम- तृतीय और 600 मीटर में वाराणसी के आकाश-प्रथम, मुरादाबाद के अर्जुन-द्वितीय व मेरठ के अमन-तृतीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद में अलीगढ़ की रोशनी-प्रथम, प्रयागराज की अनीता- द्वितीय, बरेली की करिश्मा- तृतीय रहीं। बालक वर्ग में मुरादाबाद के बॉबी-प्रथम, गोरखपुर के खिताबुद्दीन शेख-द्वितीय,कानपुर के राज तृतीय रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में बस्ती मंडल विजेता व गोरखपुर मंडल उपविजेता रहा। खो-खो प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल विजेता व मिर्जापुर मंडल उपविजेता बना। योग में मिर्जापुर प्रथम, लखनऊ द्वितीय व सहारनपुर तृतीय रहा। सेपक टाकरा में अयोध्या मंडल विजेता व गोरखपुर उपविजेता रहा। तीरंदाजी प्रतियोगिता में मिर्जापुर विजेता व कानपुर उपविजेता रहा। शूटिंग पिस्टल में अयोध्या की अंशिका सिंह प्रथम व लखनऊ की शेफाली द्वितीय रही। हॉकी प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल विजेता व मिर्जापुर उपविजेता रहा। शतरंज में मुरादाबाद मंडल विजेता व गोरखपुर मंडल उपविजेता रहा। मलखम प्रतियोगिता में गोरखपुर प्रथम, चित्रकूट द्वितीय व मेरठ तृतीय रहा। बैडमिंटन प्रतियोगिता में वाराणसी विजेता व मिर्जापुर उपविजेता रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल विजेता व देवीपाटन मंडल उपविजेता रहा। खो-खो में मिर्जापुर मंडल विजेता व अयोध्या उपविजेता रहा।

बास्केटबॉल में अयोध्या विजेता गोरखपुर उपविजेता रहा। तीरंदाजी बालक में लखनऊ मंडल विजेता व गोरखपुर उपविजेता रहा। पिस्टल शूटिंग में अयोध्या के अभय सिंह प्रथम व गोरखपुर के अंशु द्वितीय रहे। जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में प्रयागराज विजेता व मिर्जापुर मंडल उपविजेता रहा। शतरंज में गोरखपुर विजेता व अयोध्या उपविजेता रहा। कबड्डी में वाराणसी विजेता व बस्ती उपविजेता रहा। फुटबॉल प्रतियोगिता में गोरखपुर विजेता व अयोध्या मंडल उपविजेता रहा। एयर पिस्टल के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर लखनऊ का कब्जा रहा। बैडमिंटन में सहारनपुर विजेता व मिर्जापुर विजेता रहा। इस दौरान विश्वनाथ सिंह, अनूप द्विवेदी, योगेश्वर सिंह, अनुपम सिंह, धीरज शुक्ला, सरवरे आलम, पंकज द्विवेदी, अजय सिंह, डॉ. नीरज शुक्ला, अख्तर खान आदि निर्णायक रहे।

## पॉवर कॉर्पोरेशन की वर्टिकल व्यवस्था उपभोक्ताओं पर भारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा हाल में ही लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। शिकायतों और बिलिंग की अन्य व्यवस्था अलग-अलग होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। नगर निगम अयोध्या के वार्ड-51 अशोक सिंघल नगर के पार्षद अंकित त्रिपाठी ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर रामपैड़ी स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय को दोबारा उसी स्थान पर स्थापित करने की मांग की है (कहा कि फरवरी 2026 में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद रामपैड़ी के विद्युत उपखंड कार्यालय को लगभग 12-15 किलोमीटर दूर फैजाबाद डिवीजन में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस फैसले से वार्ड-51 के स्थानीय बिजली उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को न्यायालय में ले जाएंगे। अधिशासी अभियंता अनूप चौबे ने बताया कि व्यवस्था संचालित है। इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता है। यदि किसी को समस्या है तो अलग से शिकायत दे सकता है।

## मैसूर की मातृशक्तियों ने प्रस्तुत की नृत्य स्तुति


श्रीराम जन्मभूमि परिसर में नृत्य प्रस्तुत करती मैसूर की महिला कलाकार। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** मैसूर, कर्नाटक की राष्ट्र जागरण अभियान समिति के तत्वावधान में मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में गणेश व श्रीराम की नृत्य स्तुति प्रस्तुत की गई। तीर्थ क्षेत्र के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल के अनुसार नृत्य देवालय यात्रा के प्रमुख रवि हौसला सहित 50 मातृशक्तियों ने दोपहर दो बजे से नृत्य स्तुति के बाद प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन किया।

# 300 शैय्या सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के भूमि पूजन पर उठे सवाल

अयोध्या कार्यालय।

- नगर विधायक को नहीं दी कार्यक्रम की जानकारी, हुए नाराज, मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत
- कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की रही अनुपस्थिति


300 शैय्या अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि पूजन करते लोक निर्माण विभाग के खंड 2 के अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामपथ पर रीडगंज स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल की भूमि पर प्रस्तावित 300 शैय्या वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का भूमि पूजन मंगलवार को हुआ। लोक निर्माण विभाग के खंड 2 के सहायक अभियंता एसके त्रिपाठी ने विधिवत पूजन अर्चन कराया। सरकार की

करीब 163 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण और बहुचर्चित परियोजना का शुभारंभ जिस तरह किया गया, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में न तो किसी जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही और न ही जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद दिखे। हालांकि लोक निर्माण विभाग के खंड 2 के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने दावा करते हुए कहा कि एएसआई की स्वीकृति के बाद सिर्फ कॉन्ट्रैक्टर लेवल पर कार्य शुरू हुआ है। भूमि पूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही करेंगे। कहा कि काम 18 माह में पूरा कर लिया जाएगा। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की ओर से सीतापुर आई हॉस्पिटल की भूमि पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर बाद में प्रदेश कैबिनेट की बैठक में मुहर लगी थी। परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पहली किस्त के रूप में 48 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भूमि पूजन की कोई जानकारी नही दी गई। मामले में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर पूरे मामले को उनके संज्ञान में लाया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया ने भी कहा कि उन्हें कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई। पूजन कार्यक्रम में सहायक अभियंता सौरभ त्रिपाठी, अवर अभियंता पंकज कुमार, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. साकेत गुप्ता, दिलीप सिंह व अन्य मौजूद रहे।


मया ब्लॉक में आयोजित शिक्षक उन्नयन गोष्ठी में मौजूद मुख्य अतिथि व शिक्षक।

## संघ के अधिवेशन में चुनाव, कृपा शंकर ब्लॉक अध्यक्ष बने

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले के ब्लॉक मया में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक स्तर पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक चंद्र भान यादव ने की। निर्वाचन अधिकारी के रूप में डॉ. सुरेश मौर्य और डॉ. चुनाव, मनुजेश यादव ने कार्य किया, जबकि चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में रंजीत यादव रहे। जिसमें कृपा शंकर वर्मा-ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। राम राज-वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार यादव-मंत्री, अवधेश वर्मा-संयुक्त मंत्री व सुशील कुमार वर्मा-कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। जिला मंत्री अशोक वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई। जिला कोषाध्यक्ष फूल चंद सरोज ने भी संबोधित किया। जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनुजेश यादव, जिला संयुक्त मंत्री अजय वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जीत वर्मा, मनोज यादव, देवेंद्र वर्मा सहित तमाम शिक्षक साथी और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिनिधित्व

अयोध्या कार्यालय।


सर्किट हाउस में एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला को स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी।

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी में जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश नेतृत्व से भेजे गए पर्यवेक्षक, प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने मंगलवार को जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। संगठन विस्तार और कार्यकारिणी गठन पर विचार-विमर्श किया। नई जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर विभिन्न पदों पर योग्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने को लेकर विचार किया गया।

**बैठक**

एमएलसी शुक्ला ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी वर्गों और समाज के हर तबके को सम्मानजनक भागीदारी देने की परंपरा रही है। बताया कि नई कार्यकारिणी में महिलाओं को कम से कम 33 फीसदी प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इसके साथ संगठन में सामाजिक और अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ताओं को भी उचित स्थान सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे संगठन और अधिक मजबूत व व्यापक बन सके। जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया संगठन की रीति-नीति के अनुरूप चल रही है। इसमें अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। पार्टी का लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाना है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने बताया कि नई जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी और आईटी संयोजक सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

बैठक में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान, विधायक बीकापुर डॉ. अमित सिंह चौहान, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, संजीव सिंह, अवधेश पांडेय बादल, सुनील तिवारी शास्त्री सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# निजी बस के चालक-परिचालक ने यात्री को लोहे की रॉड से पीटा

अयोध्या कार्यालय।

- कोतवाली अयोध्या स्थित हाईवे पर बालू घाट की घटना, चार पर केस दर्ज

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर बालू घाट ओवरब्रिज के पास निजी बस के चालक-परिचालक व उसके अन्य सहयोगियों द्वारा एक यात्री को लाठी डंडों व लोहे की रॉड से पीटने का मामला सामने आया है। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अंकित पांडेय निवासी जगदीशपुर भदावल जिला बस्ती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आठ मार्च की शाम करीब पांच बजे लखनऊ जाने के लिए बस्ती के हरैया चौराहे से अंशी ट्रैवल्स की बस में सवार हुए व तय किराया भी दिया। आरोप है कि करीब 5:45 जब बस अयोध्या बाईपास पर रुकी तो परिचालक ने सभी यात्रियों से और किराया मांगना शुरू किया। इसका विरोध करने पर पहले बहस हुई, इसके बाद चालक राजकुमार व परिचालक संदीप ने उन्हें नीचे उतारकर बस में रखे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान वहां पहले से मौजूद बस एजेंसी से जुड़े मृदुल व शैलेष भी आ गए, उन्होंने लोहे की रॉड से उन्हें पीटा। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर केस दर्जकर विवेचना की जा रही है।

## रेबीज के उपचार व टीकाकरण की दी जानकारी


सीएमओ सभागार में मौजूद चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**प्रशिक्षण**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम पर मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में किया गया। डॉ. प्रवीण मौर्य ने प्रतिभागियों को बचाव, उपचार, टीकाकरण व इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सर्विलांस अधिकारी पीसी भारती ने बताया कुत्ता, बंदर, सियार के काटने पर केवल कैटेगिरी -3 ज्यादा घाव वाले को रेबीज़ इम्यूनोग्लिबलिन इंजेक्शन लगेगा।

एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने रेबीज वायरस के संक्रमण डॉग बाइट के कैटेगरी के बारे में बताया। जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने रेबीज वैक्सीन की डोज के बारे में चर्चा की। ट्रेनिंग में डॉ. बीएन यादव, डॉ. दीपक पांडे, एआरओ प्रवीण त्रिपाठी, एआरओ डॉ. सद्दाम खान, डाटा एंट्री ऑपरेटर कुलदीप सिंह आदि ने भाग लिया।

# जालसाजी के सहारे भूमि को बंधक रख ऋण स्वीकृत कराना पड़ा महंगा

अयोध्या कार्यालय।

- बैंक के शाखा प्रबंधक समेत चार के विरुद्ध केस दर्ज करने का आरोप

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के रायपुर कोटसराय निवासी मो. अहमद की भूमि को बगैर जानकारी धोखाधडी के सहारे इंडियन बैंक शाखा मानस नगर में बंधक कर 2.93 लाख का लोन स्वीकृत कराने पर न्यायालय ने कोतवाली नगर पुलिस को शाखा प्रबंधक समेत रतेंद्र कुमार, चन्द्रावती व एक तहसील कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से हुआ।

अधिवक्ता एखलाक अहमद, मो. तालिब अहमद द्वारा बताया गया कि पीड़ित गाटा संख्या 777 का भूमिधर काश्तकार है। अपने गाटे की खतौनी 12 मार्च 2024 को निकलवाया तो उसमें दर्ज आदेश देखकर उसे होश उड़ गए। जिसपर अंकित किया गया था कि ऑनलाइन बंधपत्र, आवेदन रतेंद्र कुमार, चन्द्रवती द्वारा 2.93 लाख रुपये ऋण लेकर ग्राम कोटसराय परगना मगलसी तहसील सदर जिला अयोध्या की गाटा संख्या 777 को इंडियन बैंक मानस नगर शाखा के पक्ष में 30 जनवरी 2023 को बंधक रखा है। जबकि पीड़ित व उसके भाई ने न तो अपनी भूमि को कभी बंधक रखा और न ही उसके बदले में कोई ऋण प्राप्त किया है। पीड़ित ने इसकी जानकारी तहसील सोहावल व इंडियन बैंक की संबंधित शाखा में किया तो दोनों विभागों ने पल्ला झाड़ते हुए एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप किया। इसके बाद उसने पुलिस को लिखित सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने अदालत का सहारा लिया।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक मायाराम वर्मा के नेतृत्व में अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध को रोकने व शांति सौहार्द बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन मंगलवार को उपजिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार रामखेलावन को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रमेश त्रिपाठी, आशीष पटेल, कमला प्रसाद बागी, अजय वर्मा, ओम प्रकाश यादव एडवोकेट समेत अन्य मौजूद रहे।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर**

पत्रांक: बेसिक पदोन्नत /42111–13 /2025–26 दिनांक: 10.03.2026

कार्यालय ज्ञाप / प्रेस विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के परिषदीय अनुभाग में स्वीकृत 07 कनिष्ठ सहायक पद के सापेक्ष रिक्त 01 कनिष्ठ सहायक के पद पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों / कार्यालयों में कार्यरत चर्तुथ श्रेणी कर्मचारियों में से पात्र अभ्यर्थी की पदोन्नति सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के कार्यालय पत्रांकः बे0शि0प0 / सा0प्र0–2/25429–763/96–97 दिनांक 19.03.1997 एवं शासनादेश संख्या–बे0आ0–2–665 (III) /दस 54 (एम) 2008 टी0सी0 वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 दिनांक 26 सितम्बर 2013 एवं शासनादेश संख्या–3309/79–5–2016 दिनांक – 16 दिसम्बर 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार की जानी है। उक्त हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्नको सहित दिनांक–16.03. 2026 की सायं 05: 00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

(उपेन्द्र गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर



**कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या**

पत्रांक :– 1172/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2025–26 दिनाक :– 10/03/2026

**प्रथम ई–निविदा सूचना पत्र**
**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु**
**प्रथम ई–निविदा आमंत्रणः–**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की समस्त नियम/शर्ते व निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 12/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 24/03/2026 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 25/03/2026 को 12:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन–3 कौशलपुरी के चौदहकोसी परिक्रमा भार्ग से विस्थापित किये गये कुल–15 नग हैण्डपम्पों का पुर्नस्थापित कार्य। | 81,100.00 | 960.00 | 45 दिवस |

अधिशाषी अभियन्ता (जल)
नगर निगम अयोध्या

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या


**आयोजन** | अयोध्या के कोतवाल के रूप में हुआ पूजन–अर्चन

# प्राचीन मतगजेंद्र मंदिर पर लगा आस्था का मेला

अयोध्या कार्यालय।


फूलों से सजाया गया भगवान मतगजेंद्र मंदिर का गर्भगृह एवं दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

**अमृत विचारः** चली आ रही मान्यता के अनुसार होली के बाद पड़ने वाले पहला मंगलवार पर बुढ़वा मंगल पर्व मनाया गया। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु सरयू में स्नान के बाद विराजमान भगवान मतगजेंद्र का पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस मौके पर भव्य मेले का भी आयोजन किया गया।

अयोध्या में रामकोट के उत्तर दिशा स्थित विराजमान भगवान मतगजेंद्र अयोध्या के कोतवाल माने जाते हैं। इनका पूजन-अर्चन कोतवाल के रूप में किया जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान राम लंका विजय प्राप्त कर अयोध्या पहुंचे। उसके बाद भगवान राम ने साकेत धाम के लिए जाने से पहले अयोध्या के राजा के रूप में हनुमान जी और अयोध्या की सुरक्षा के लिए अयोध्या के कोतवाल के रूप में विभीषण के पुत्र मतगजेंद्र को जिम्मेदारी सौंपी। उसी दिन से परंपरागत अनुसार भगवान मतगजेंद्र इनकी पूजा-अर्चना प्रतिवर्ष की जाती है, जिसे बुढ़वा मंगल भी माना जाता है। बुढ़वा मंगल पर भगवान मतगजेंद्र को मुख्य रूप से हरे चने चढ़ाए जाने का रिवाज है। माना जाता है कि भगवान मतगजेंद्र को हरे चने बहुत प्रिय थे। जिसके कारण आज भी श्रद्धालु भगवान को प्रसन्न करने के लिए हरे चने चढ़ाए जाते हैं और प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

मेले में शामिल भक्त सरिता अग्रवाल ने कहा कि आज भगवान मतगजेंद्र का पूजा दर्शन करने से विशेष लाभ मिलता है। इसलिए हम लोग परिवार के साथ दर्शन करने के लिए आए हैं। दर्शन करने के बाद यहां की एक रस्म है कि हरे चने को खरीद कर अपने घर पर ले जाते हैं जहां प्रसाद के स्वरूप सभी लोग मिल बैठकर खाएंगे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण भारतीय संस्कृति की आत्मा : आचार्य

**पूराबाजार, अमृत विचारः** ब्लॉक क्षेत्र के ऐमी आलापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ज्ञानचंद्र द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह ग्रंथ ज्ञान, कर्म और भक्ति का पावन संगम है। इसकी रचना महर्षि वेदव्यास की परिपक्व बुद्धि और भावप्रवण मन की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है, इसलिए इसे पुराणों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पुराणों में वेदों के गूढ़ तत्वों को सरल और लोकाभिमुख शैली में प्रस्तुत किया गया है। कथा में मुख्य यजमान चिंतामणि पाण्डेय, अनारकली, देवेंद्र पाण्डेय, कमलेश तिवारी, रामधीराज पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आतिथ्य उद्योग में व्यवहार और संचार महत्वपूर्ण : रणजीत

## टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी छात्रों के लिए उद्योग विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

अयोध्या कार्यालय।


अवध विवि में हॉस्पिटैलिटी उद्योग के परिदृश्य पर चर्चा कार्यक्रम में छात्रों से बात करते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए एक उद्योग विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता होटल पार्क रेडिशन के जनरल मैनेजर रणविजय सिंह ने कहा कि आतिथ्य उद्योग में सफलता के लिए अनुशासन, व्यवहार कुशलता, संचार कौशल तथा टीम वर्क अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी उद्योग के वर्तमान परिदृश्य, रोजगार के अवसरों, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता तथा उद्योग में आवश्यक व्यावसायिक कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ने और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के अनुभवों से सीख लेकर अपने कॅरियर को मजबूत बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के संयोजक समन्वयक पर्यटन प्रबंधन डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के इंडस्ट्री-एकेडेमिया इंटरैक्शन से विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ. राकेश कुमार व डॉ. अंशुमान पाठक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।


अवध विवि में आयोजित पीएचडी वर्क कोर्स की परीक्षा देते अभ्यर्थी।

### प्री-पीएचडी वर्क कोर्स परीक्षा में तीन रहे गैरहाजिर

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की दूसरे दिन की रिसर्च मेथाडोलॉजी की परीक्षा नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन में सुबह 9 बजे से 12 बजे के मध्य संपन्न हो गई। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्री-पीएचडी कोर्स वर्क में 27 विषयों की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। इस परीक्षा में ल 225 छात्रों में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। समन्वयक प्रो. फरुख जमाल ने बताया कि केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराई गई।

# परीक्षा केंद्रों पर की जाएं सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

- डीएम ने दिये निर्देश, पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर एसएसपी संग की बैठक

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बैठक की। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंध, अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही, यातायात व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एईएसएल व भारतीय सेना के साथ हुआ शैक्षिक अनुबन्ध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** इंजीनियरिंग की जेईई व मेडिकल की नीट प्रवेश परीक्षा के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज व भारतीय सेना के बीच शैक्षिक अनुबन्ध हुआ है। एईएसएल के सहायक निदेशक डॉ. एसएम त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि एमओयू के तहत सैन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के परिवार को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेगा। एमओयू के तहत देशभर की सभी 415 शाखाओं में स्कॉलरशिप व विशेष सुविधाएं मिलेंगी।

एकेडमिक हेड मेडिकल डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि एमओयू के तहत वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे सदस्य, सेवानिवृत्त सैनिक, गैलेंट्री पुरस्कार विजेता, दिव्यांग कर्मी व शहीदों के परिवार शामिल हैं। यह समझौता भारतीय सेना के कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3 एंड 4 और एईएसएल के चीफ अकैडमिक एंड बिजनेस हेड दिल्ली डॉ. यश पाल ने किया है। बच्चों को सिर्फ रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी, शहीदों के बच्चों के लिए बाकी सभी फ़ीस में शत प्रतिशत छूट है। 20 फीसदी से ज़्यादा विकलांगता वाले कर्मियों व वीरता पुरस्कार पाने वालों के बच्चों के लिए शत प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस माफ़ है। सेवारत और रिटायर्ड कर्मियों के बच्चों के लिए 20 प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस में छूट है, जो दूसरी स्कॉलरशिप घटाने के बाद लागू होगी। एईएसएल के एमडी व सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि हाल ही में एईएसएल ने सीआरपीएफ फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के साथ भी एक एमओयू किया है। जिसके तहत देशभर में सीआरपीएफ कर्मियों के बच्चों और परिवारों को शैक्षणिक सहायता, छात्रवृत्तियाँ और करियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।


## हजरत अली की शहादत पर निकला मातमी जुलूस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत पर सोमवार देर रात निकले मातमी जुलूस में नौहों और मातम की सदा गूंजी। अजादारों ने हजरत अली अलैहिस्सलाम को आंसुओं का पुरसा पेश किया। जुलूस में बड़ी संख्या में काले लिबास में शामिल हुए लोग मातम करते नज़र आए। जुलूस में ताबूत और अलम शामिल थे, जो हज़रत अली की शहादत की याद दिलाते रहे। जुलूस चौक की मस्जिद से शुरू होकर हैदरगंज, वजीरगंज, देवकाली रोड होते हुए हज़रत अब्बास की दरगाह पर समाप्त हुआ। यहां मौलाना नदीम रज़ा जैदी ने एक मजलिस को संबोधित किया। ताजियादार कमेटी के सचिव मोनू मिर्जा व अध्यक्ष हैदर मेहंदी ने पूरा जुलूस व्यवस्थित ढंग से उठवाया।

### बहू बेगम मकबरा का किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी द्वारा नवनियुक्त एजेंट जफरुल हसन ने ऐतिहासिक बहू बेगम मकबरा नाका का निरीक्षण किया। कहा सफाई के साथ और कई खामियां हैं, जिसमें सुधार होना चाहिए। इस मौके पर मौलाना जफर अब्बास कुम्मी, दानिश हुसैन सहित पुरातत्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोटे अनाज उत्पादों से बढ़ेगी आय

कुमारगंज, अयोध्या।

- महिलाओं के लिए कृषि विवि में छह दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यशाला में महिलाओं को मोटे अनाजों पर आधारित मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा मोटे अनाज पर आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका वित्तपोषण उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार), लखनऊ द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. साधना और डॉ. अनीशा वर्मा हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों को मोटे अनाजों से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने की जानकारी दी गई। उन्हें विशेष रूप से मिलेट पास्ता बनाने की विधि, इसके पोषण संबंधी महत्व और इसके माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में कुल 36 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान, महिलाओं को मिलेट पास्ता बनाने की व्यावहारिक प्रक्रिया भी सिखाई गई, ताकि वे भविष्य में इसे आय के स्रोत के रूप में अपना सकें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रतिभा सिंह थीं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर के कार्यों के साथ-साथ मोटे अनाज से उत्पाद बनाकर उनकी बिक्री से मुनाफा कमा सकती हैं। इस अवसर पर जीपीवी विभाग अध्यक्ष डॉ. संजीत कुमार, कार्यक्रम अन्वेषक प्रोफेसर शिवनाथ सिंह, उपनिदेशक अनुसंधान डॉ. गिरीश गोयल और अन्वेषक डॉ. साधना सहित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीशा ने किया।

# संगठन से जीत सकते हैं हर लड़ाई

न्यौरी, अंबेडकरनगर।


चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार साहनी उर्फ सनी।

**अमृत विचार।** अपने समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोगों को वीआईपी पार्टी से जोडक़र प्रदेश और जनपद में मजबूत संगठन बनाना होगा। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही सत्ता प्राप्त की जा सकती है। उक्त बातें वीआईपी पार्टी के चुनावी क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पार्टी के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार साहनी उर्फ सनी ने कहा। वीआईपी पार्टी के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जनपद की सीमा पर प्रवेश करने पर अमड़ी टोल प्लाजा पर सदस्य जिला पंचायत के उम्मीदवार सोहन राणा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

बता दें कि आलापुर विधानसभा क्षेत्र के वीआईपी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य रामनगर दक्षिणी से पार्टी के उम्मीदवार सोहन राणा के चुनावी कार्यालय न्यौरी रोड रूस्तमपुर एवं कौडाही में क्षेत्रीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि वीआईपी पार्टी के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष साहनी सन्नी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक जुट होकर साथ रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन के बदौलत ही हर लड़ाई जीती जा सकती है। उन्होंने अपने समाज से अपील करते हुए कहा कि आप लोग एक रोटी कम खाएं पर अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें।

## फर्जी नंबर प्लेट के मामले में मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मालीपुर थाना क्षेत्र में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। भारतीय सेवा में तैनात व्यक्ति के नाम दर्ज बोलेरो वाहन का नंबर दूसरी गाड़ी पर लगाकर चलाए जाने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव का है। बता दें कि भारतीय सेवा में तैनात विजय यादव के पिता आशीष यादव ने मालीपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके पुत्र के नाम से एक सफेद बोलेरो वाहन पंजीकृत है। जौनपुर और आजमगढ़ जनपद में एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन उनके बोलेरो का नंबर लगाकर चलाया जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि जांच के दौरान स्कॉर्पियो वाहन पर लगा नंबर फर्जी पाया गया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी कन्हैया ने बीते 5 मार्च को थाना अतरौलिया में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि महाजी सिंगवारा थाना कोतवाली महराजगंज निवासी परमानंद यादव और रामानंद यादव ने उसके पुत्र रणधीर यादव उर्फ मिंटू यादव को सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि करीब तीन वर्ष पहले दोनों ने नौकरी दिलाने के नाम पर उससे तीन लाख रुपये ले लिए। बताया गया कि लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर जब रुपये वापस मांगे गए तो दोनों आरोपी टालमटोल करने लगे। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान साक्ष्य मिलने पर मुकदमे में कई धाराएं भी बढ़ा दी। सोमवार को उपनिरीक्षक उमेश चंद ने आरोपी परमानंद यादव को गायत्री नगर रेलवे स्टेशन, आजमगढ़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के फुलवरिया क्षेत्र, थाना अहरौला के पास से रामानंद यादव को हिरासत में ले लिया।

## लापता छात्र का शव तमसा नदी में मिला

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले सिधारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो दिन पूर्व लापता छात्र का शव मछली मार्केट के समीप तमसा नदी में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। सिधारी थाना क्षेत्र के सिधारी पश्चिम स्थित पवन बुक एजेंसी वाली गली निवासी रामप्रताप सिंह का 17 वर्षीय पुत्र नमन प्रताप सिंह इंटरमीडिएट का छात्र था, जो आठ मार्च को अचानक लापता हो गया था। परिजनों अपने स्तर से खोजबीन शुरू की लेकिन जब कहीं पता नही चला तो थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार को अपराह्न शहर कोतवाली के मछली मंडी के पास तमसा नदी में स्थानीयों ने एक शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर कब्ज़े में ले लिया। शव की पहचान नमन प्रताप सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि नमन प्रताप सिंह के पिता राम प्रताप सिंह भाजपा कार्यसमिति के सदस्य भी है। सीओ नगर शुभम तोदी ने बताया कि सोमवार को रामप्रताप सिंह ने पुत्र के लापता होने की जानकारी दी। जिसपर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया था। आज तमसा नदी में शव को बरामद किया गया है। मौके पर स्थानीय पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम जांच पड़ताल कर रही है और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेश कुमार मौर्य की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न बैंकों और बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन ऋण वादों एवं बीएसएनएल के मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में प्रस्तुत किया जाए, ताकि आपसी सहमति से उनका निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि चिन्हित मामलों के नोटिस समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएं।

## आरटीई के तहत 403 बच्चों का हुआ चयन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के दूसरे चरण में 403 बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से हुआ है। इस चरण के लिए कुल 943 बच्चों ने आवेदन किया था। तीसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि दूसरे चरण में प्राप्त 943 आवेदनों में से 433 बच्चों का सत्यापन किया गया। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में लॉटरी निकाली गई, जिसमें 403 बच्चों को प्रवेश के लिए चुना गया। इस चरण में 30 बच्चों को कोई विद्यालय आवंटित नहीं हो सका। जनपद के कुल 832 निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटें गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। पहले चरण में 548 विद्यार्थियों का चयन पहले ही हो चुका था। दूसरे चरण के चयन के साथए कुल चयनित बच्चों की संख्या 951 हो गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि जिन बच्चों को दूसरे चरण में विद्यालय आवंटित नहीं हो पाया है, वह तीसरे चरण में पुन: आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर उन बच्चों को भी मिलेगा जो पहले दो चरणों में आवेदन नहीं कर पाए थे।


कैंडिल मार्च कर अमेरिका विरोधी नारे लगाते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

## खाड़ी संकट अमेरिका-इजराइल की साम्राज्यवादी नीति का परिणाम : तुफैल

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बसखारी ब्लॉक के मौजा बेलापरसा में शिया समुदाय के सुप्रीम लीडर रहबरे मोअज्जम सैयद अली हसन खामेनेई ताबासराह की हत्या के विरोध में विशाल कैंडिल मार्च का आयोजन कर अमेरिका, इजराइल और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए। अंजुमन अब्बासिया के तत्वावधान में आयोजित कैंडिल मार्च में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और बुर्कापोश महिलाएं शामिल हुईं। इमामबाड़े से जुलूस जामा मस्जिद तक गया। जहां पेश इमाम मौलाना तुफैल अब्बास ने मजमे को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के विरुद्ध युद्ध अमेरिका-इजराइल की साम्राज्यवादी नीति का परिणाम और वैश्विक दादागीरी है। इससे अंतर्राष्ट्रीय कानून, राष्ट्रीय संप्रभुता और वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मौलाना ने याद दिलाते हुए कहा कि ईरान का हजारों साल पुराना भारत से दोस्ताना रहा है। कश्मीर मसले पर भी ईरान भारत के पक्ष खुलकर साथ दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। अंत में कहा कि खामेनेई साहब की शहादत रायगा नहीं जाएगी।

# छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया जागरूक

टांडा, अंबेडकरनगर।


स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर में मौजूद मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव।

**अमृत विचार।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव के निर्देशन में मंगलवार को सीबी सिंह लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लॉ कॉलेज के कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उनके साथ संकाय सदस्य आकाश श्रीवास्तव और पूनम चौहान भी उपस्थित रहीं। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, ईएनटी, नेत्र रोग, सामान्य चिकित्सा, मनोचिकित्सा तथा दंत रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पैथोलॉजी विभाग, रेडियोलॉजी विभाग तथा दवा वितरण केंद्र द्वारा भी सहयोग दिया गया। चिकित्सा शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच करना, रोगों की समय रहते पहचान करना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों की रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा। जिससे विद्यार्थियों और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

कार्यक्रम में यह भी रहे उपस्थित : इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मुकेश यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पटेल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकुल सक्सेना, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर दंत रोग विभाग डॉ. अभिषेक पाण्डेय तथा सहायक प्रोफेसर नेत्र रोग विभाग डॉण् साजन देव केसर सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर की प्रशासनिक एवं समन्वय संबंधी व्यवस्थाओं का संचालन डॉ. वैष्णवी आनंद अस्पताल प्रशासन द्वारा किया गया।

युद्ध का असर | अकबरपुर, जलालपुर और टांडा तहसील क्षेत्र के 120 गांव के 350 से अधिक लोग ईरान में फंसे

# ईरान में पढ़ाई कर रही छात्राओं के परिजन चिंतित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



ईरान में शिक्षा ग्रहण कर रही कटौना गांव की बेटी जहरा बानो और जहरा बेगम।


जमीर अब्बास रिजवी


सैयद मेहदी रजा आफताब

**अमृत विचार।** ईरान में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के स्वजन उनकी खैरियत के लिए फिक्रमंद हैं। इजराइल-अमेरिका-ईरान के मध्य छिड़े युद्ध के दृष्टिगत अपनों के लिए चिंता स्वाभाविक है।

जानकारों के अनुसार अकबरपुर, जलालपुर व टांडा तहसील क्षेत्र के 120 गांव के 350 से अधिक लोग वर्तमान में ईरान के विभिन्न स्थानों पर फंसे हैं। जिनमें अधिकांश लोग ईरान के कुम, इस्फहान, मशहद, शिराज जैसे शहरों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ लोग नौकरीपेशा तो कुछ व्यवसाय से भी जुड़े हैं। ईरान में शिक्षारत अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत कटौना गांव की दो छात्राओं को लेकर स्वजन चिंतित हैं। सैयद जायर अब्बास की पुत्री जहरा बानो ईरान के इस्फहान शहर स्थित अल-मुस्तफा युनिवर्सिटी तथा फरमान अली की बेटी जहरा बेगम कुम शहर के जामियतुज्जहरा मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। विगत कुछ दिनों से अपनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस बीच वहां गहराते युद्ध के बादल और धमाकों की खबरों ने परिवारों की रातों की नींद उड़ा दी है। वाजिदपुर के सैयद जमीर अब्बास भी ईरान के कुम में फंसे हैं, संपर्क न हो पाने से घर वाले परेशान हैं। नगर के मोहल्ला अब्दुल्लाहपुर निवासी सैयद एतबार हुसैन अक्कन के परिवार के पांच सदस्यों के ईरान में फंसे होने से परिवार व्यथित है। इसी प्रकार जलालपुर के जाफराबाद, मुस्तफाबाद, नगपुर, करीमपुर तथा वाजिदपुर के युवा ईरान में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनके भविष्य को लेकर परिजन चिंताग्रस्त हैं।

**ईरान में है किफायती शिक्षण दरें :** शिक्षण संस्थान से जुड़े सैयद मेहदी रजा आफताब कहते हैं भारतीय छात्रों द्वारा ईरान में शिक्षा प्राप्त करने के प्रमुख कारण हैं वहां किफायती शिक्षण दरें, किफायती जीवन व्यय, डिग्री की मान्यता, अंग्रेजी में उपलब्ध कार्यक्रम, मजबूत चिकित्सा और शैक्षणिक सुविधाएं। इसके अतिरिक्त ईरान में भारत की तुलना में प्रवेश प्रक्रिया का सरल होना और छात्रवृत्तियों और वित्तीय सहायता की उपलब्धता है।

## मधुमक्खियों के हमले से अधेड़ की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जीवत नर्सरी बाजार स्थित औघड़ बाबा स्थान पर मंगलवार सुबह दर्शन करने गए एक अधेड़ व्यक्ति पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो अन्य लोग भी घायल हो गए। घायल अधेड़ को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के कुठमा राजापुर गांव निवासी 55 वर्षीय संतराम अपनी पत्नी यशोदा के साथ औघड़ बाबा स्थान पर दर्शन करने पहुंचे थे। हर मंगलवार को यहां मेला लगता है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में मधुमक्खियों का एक छत्ता लगा हुआ था। अचानक मधुमक्खियों का झुंड निकलकर संतराम के साथ मौजूद बसंत लाल निवासी जीवत, कोतवाली जलालपुर तथा रामविलास निवासी गोलपुर पर भी हमला कर दिया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। सीएचसी बसखारी में मृत घोषित कर दिया गया।

## नववर्ष की तैयारियों में जुटे समिति के सदस्य


तैयारियों को लेकर बैठक करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** होली का पर्व सकुशल संपन्न हो जाने के बाद भारतीय नववर्ष 2083 के स्वागत में होने वाले आयोजन की तैयारी में नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के पदाधिकारी और सदस्य जुट गए हैं। आयोजन को व्यवस्थित तथा भव्य रूप से आयोजित करने के लिए समिति की एक बैठक चौक स्थित नटराज मंदिर के प्रांगण में सरदार त्रिलोक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने किया। बैठक में सभी के विचार-विमर्श से कार्यक्रम निश्चित किए गए। महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि संवत 2083 विक्रमी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सायंकाल 5 :30 बजे से हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप पुण्य सलिला मां सरयू का पूजन, दुग्ध अभिषेक तथा 21 हजार 551 दीपों से महा आरती की जाएगी और नव संवत्सर 2083 का स्वागत किया जाएगा। महा आरती संयोजक पंडित राकेश मिश्रा, अनिरुद्ध अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, अरुण अग्रवाल, बजरंगी लाल सोनी, आकाश शाह, काशीनाथ मिश्र, जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे विधि विधान के साथ आयोजित किया जाएगा।

अमृत विचार

अयोध्या, बुधवार, 11 मार्च 2026

सुलतानपुर

न्यूज ब्रीफ

## कोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने का दिया आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एसीजेएम प्रगति ने मुंशीगंज थानाक्षेत्र के भगनपुर निवासी आरोपी ताज मोहम्मद के पासपोर्ट जारी करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता इमरान हुसैन ने बताया कि सऊदी जाने के लिए संग्रामपुर थाने से संबंधित एक मुकदमा लंबित होने के कारण प्रशासन पासपोर्ट नही बना रहा था। ताज मोहम्मद की अर्जी पर पेश साक्ष्य और अधिवक्ता के तर्कों के सहमत होकर कोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने का आदेश दिया है।

## संग्रह अमीन हत्याकांड में सुनवाई 17 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या के मामले में कोर्ट में आरोपियों के बयान दर्ज होगें। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए 17 मार्च की तारीख नियत की है। 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश के चलते मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की गोली मारकर हत्या से जुड़ा है। मामले में आरोपी जलालुद्दीन सहित दर्जन भर अन्य आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 387 जोड़े बने जीवनसाथी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को बरौंसा बाजार के पास स्थित एक बाग में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 387 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 385 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए, जबकि मुस्लिम समुदाय के दो जोड़ों का हाजी द्वारा निकाह कराया गया। समारोह में वर-वधू ने एक-दूसरे का जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सीडीओ विनय कुमार सिंह, एसडीएम प्रभात सिंह और क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी के साथ नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर उनके सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में जयसिंहपुर, मोतिगरपुर, दोस्तपुर और कूरेभार ब्लॉकों से आए जोड़ों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है और डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

### गंभीर रूप से घायल वृद्ध राम अनुज ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, निमंत्रण से घर लौटते समय हुआ हादसा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** थाना गोसाईगंज क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। गेड़ौरा के पास पीछे से आ रही बोलेरो ने बाइक सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गेड़ौरा निवासी राम अनुज मिश्रा (80) सोमवार रात मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कटका की ओर से अकबरपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और परिजनों की मदद से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शी आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि राम अनुज मिश्रा गांव में एक निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे की तेज आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनके दादाजी गंभीर रूप से घायल पड़े हैं। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी आर.के. चतुर्वेदी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बोलेरो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## डंपर में पीछे से टकराई ट्रक, चालक व सहचालक बाल-बाल बचे

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के करीब चार बजे सड़क हादसा हो गया। देहली बाजार चौकी क्षेत्र में माइल स्टोन 102 के पास देहली बाजार-वलीपुर अंडरपास के निकट आगे चल रहे डंपर में पीछे से प्लाई लदी ट्रक जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में ट्रक चालक और सह चालक बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार प्लाई लदी ट्रक मुजफ्फरपुर से लखनऊ की ओर जा रही थी। जैसे ही ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 102 के पास पहुंची, उसी दौरान आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे चल रहे ट्रक चालक के संभलने से पहले ही वाहन डंपर से जा टकराया। टक्कर के बाद ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक मनोज और सहचालक सचिन सुरक्षित रहे। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बस रोड पर खड़ी।

## मेधावी छात्राओं व महिला कर्मियों का हुआ सम्मान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मंगलवार को पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में मेधावी छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के तहत सीडीओ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या नीलम प्रभात ने की। इस दौरान वर्ष 2025 में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाली 10-10 मेधावी छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पांच-पांच हजार रुपये का डेमो चेक और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट में 93 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा को 20 हजार रुपये का डेमो चेक और मोमेंटो प्रदान किया गया।

# पत्नी को आत्महत्या को उकसाने पर 5 वर्ष की सजा

● न्यायालय ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया



**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सरवन गांव में पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के 16 वर्ष पुराने मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश राकेश की अदालत ने आरोपी शिक्षक पति पंच बहादुर शुक्ला को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी दान बहादुर वर्मा के अनुसार सरवन गांव निवासी पंच बहादुर शुक्ला की शादी जून 1998 में शशि के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद ससुराल पक्ष द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल और 51 हजार रुपये दहेज की मांग को लेकर शशि को प्रताड़ित किया जाता था। बताया गया कि 5 जुलाई 2010 को दहेज की मांग पूरी न होने पर शशि को जहर पिला दिया गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इलाज के दौरान 8 जुलाई 2010 को उसकी मौत हो गई थी। इलाहाबाद के सिसवा मऊआइमा निवासी मृतका के पिता नंदकिशोर मिश्र ने पति पंच बहादुर शुक्ला समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच के बाद केवल पति के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह प्रस्तुत किए गए।

मंगलवार को अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शिक्षक पंच बहादुर शुक्ला को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई तथा उसे जेल भेज दिया।

## बहुचर्चित प्रधान हत्याकांड में पांच आरोपियों पर चल रही सुनवाई, बहस 23 मार्च को

● ग्राम सभा टंडवा प्रधान सुनील कुमार उर्फ सोनू की धारदार हथियार व गोली मारकर हत्या से जुड़ा मामला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा के प्रधान सुनील कुमार उर्फ सोनू की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय राकेश पांडे की अदालत में अंतिम सुनवाई जारी है। अभियोजन पक्ष से वादी के अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल के अनुसार ग्राम टंडवा निवासी श्यामबोध कोरी पुत्र रंगू ने 16 जनवरी 2018 को थाना मुंशीगंज में तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र सुनील कुमार उर्फ सोनू ग्राम पंचायत टंडवा का प्रधान था और 16 जनवरी 2018 की शाम करीब 7 :30 बजे मुंशीगंज से सब्जी खरीदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान भुसियावा-शाहगढ़ रोड पर नरसिंह भानपुर भट्टे के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और धारदार हथियार व गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।तहरीर में सचिन श्रीवास्तव उर्फ चंदन, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, विजय कुमार तथा मोहम्मद अनवर के खिलाफ नामजद आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान आरोपी रवि और राहुल के नाम भी प्रकाश में आने पर कुल छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दाखिल की। वही मामले मे आरोपी राहुल की फाइल अलग कोर्ट में विचारण में चल रही है। फिलहाल इस बहुचर्चित हत्याकांड में एडीजे द्वितीय की अदालत में बहस के लिए 23 मार्च की तारीख नियत की है।

## सुसाइड केस में पत्नी समेत सात पर दर्ज होगा मुकदमा

पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक के सुसाइड करने के मामले में कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है। एसीजेएम द्वितीय स्मृति चौरसिया ने मृतक की पत्नी समेत सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के मुताबिक मोतिगरपुर थाने के अहदा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय के छोटे भाई अंकित पांडेय की शादी 30 नवंबर 2025 को लंभुआ कोतवाली के भरथीपुर तिवारीपुर गांव के अनिल मिश्र की पुत्री महक मिश्रा के साथ हुई थी। आरोप है कि पत्नी महक मिश्रा की प्रताड़ना से परेशान होकर अंकित पांडेय ने बीते दो फरवरी को घर में आत्महत्या कर ली थी। मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र पांडेय की अर्जी पर कोर्ट ने महक मिश्रा व छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

## लूटपाट के आरोपी ने किया सरेंडर, रिहा

दोस्तपुर थानाक्षेत्र के भरथुआ निवासी विवेक कुमार से मोबाइल लूटपाट करने के बभनइया पश्चिम निवासी आरोपी पंकज कुमार कसेरा ने नियमित जमानत के अनुक्रम में एसीजेएम स्मृति चौरसिया की अदालत में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने नियमित जमानत पर हुई सुनवाई में आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहा कर दिया। आरोपी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया आरोपी की मोबाइल की दुकान है जिसमे वह मोबाइल बिक्री व खरीदने का कार्य भी करता है। वादी विवेक कुमार ने बीते साल 27 जनवरी की शाम छह बजे की घटना बताते हुए केस दर्ज कराया था कि बेलवारे बाजार से घर आ रहा था कि रास्ते में मदनपुर के पास अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशो ने उसका मोबाइल छीन लिया।

## पूर्व विधायक के केस में विवेचक की वर्चुअल गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपित पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में विवेचक संतोष कुमार शुक्ल की वर्चुअल गवाही एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में मंगलवार को दर्ज की गई। जिनसे बचाव पक्ष ने जिरह की पर जिरह पूर्ण न होने से कोर्ट ने शेष जिरह के लिए बुधवार की तारीख मुकर्रर की है। 20 फरवरी 2022 को शहर से सटे केएनआईटी कस्बे में स्थित मंदिर परिसर में बिना अनुमति सभा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था।

# भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति पर हुई चर्चा

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** आचार्य चाणक्य महाविद्यालय महमूदपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन सोमवार को महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.पी. पांडेय ने किया।

यह विशेष शिविर एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रथम इकाई के कार्यक्रमाधिकारी शिवमणि दुबे तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रमाधिकारी शरद पाठक मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में पूनम पांडे, डॉ. कृष्ण कुमार यादव, शिवकुमार यादव, नागेंद्र निषाद, सुजीत प्रजापति, रामधन निषाद तथा रहमत अली सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की द्वितीय बेला में बौद्धिक सभा के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें "भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति" विषय पर चर्चा की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता बीएड विभागाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा रहे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल्यों, परंपराओं और समाज में उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



एनएसएस के विशेष शिविर में शामिल स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

● सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का उद्घाटन

## 14वां विराट कवि सम्मेलन 18 को

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को सायं 8 बजे शहर के पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में 14वां विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शामिल होकर भारतीय नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध कवि, ग़ज़लकार और कवयित्रियां ओजपूर्ण कविताएं, ग़ज़ल और गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पालिका चेयरमैन के नमक मंडी स्थित कैंप कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रामचन्द्र मिश्र तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक सुशील कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

# रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के नाम पर 5.25 लाख की ठगी

● न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जमीन का बैनामा कराने के नाम पर रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराकर 5.25 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर धनपतगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला अयोध्या जनपद के रौजागांव, थाना रुदौली निवासी सोनू कुमार पुत्र स्व. शिवराज से जुड़ा है। सोनू कुमार ने आरोप लगाया कि धनपतगंज थाना क्षेत्र के बिलनी गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र बाबूराम ने जमीन बेचने के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की। सोनू कुमार के अनुसार बिलनी गांव स्थित गाटा संख्या 1098 की जमीन को लेकर छह लाख रुपये में सौदा तय हुआ। 26 दिसंबर 2023 को तहसील सदर में गवाहों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ। एग्रीमेंट के समय सोनू कुमार ने आरोपी को पांच लाख रुपये का चेक दिया था। आरोप है कि बाद में आरोपी ने फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से चेक की जगह ऑनलाइन पैसे भेजने को कहा। विश्वास में आकर प्रार्थी ने नियाज अहमद, संदीप पांडेय, नागेंद्र यादव, मोहम्मद शादाब व ताज ट्रेडर्स समेत कई खातों में कुल 5.25 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब जमीन का बैनामा कराने की बात कही तो आरोपी टालमटोल करता रहा और 20 मई 2025 को गाली-गलौज करते हुए बैनामा करने से इंकार कर दिया।

# युवाओं में अनुशासन की भावना विकसित करता खेल

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** मेरा युवा भारत केन्द्र सुलतानपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी सुधीर पाण्डेय के मार्गदर्शन व लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक विनय मिश्र के संयोजकत्व में आयोजित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि राणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक अनुशासित खिलाड़ी समाज का मार्गदर्शक होता है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, प्रेम और भाईचारे की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने युवाओं का आह्वान किया कि वे मेरा युवा भारत केन्द्र से जुड़कर सामाजिक गतिविधियों में भाग लें और देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के तहत 1500 मीटर बालक वर्ग में चन्द्रमोहन ने प्रथम, अमन ने द्वितीय और आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में प्रतीक्षा मिश्रा प्रथम, रीता द्वितीय और मानसी यादव तृतीय रहीं। 100 मीटर बालक वर्ग में अंश चौरसिया प्रथम, अविनाश द्वितीय और आदर्श गिरी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर बालिका वर्ग में मानसी प्रथम और दिव्यांशी द्वितीय स्थान पर रहीं। वॉलीबॉल बालक वर्ग में सुजल की टीम विजेता और डीबीए सुलतानपुर उपविजेता रही। कबड्डी बालिका वर्ग में राणा प्रताप पीजी कॉलेज विजेता तथा अहिमाने उपविजेता रही। कबड्डी बालक वर्ग में भी राणा प्रताप पीजी कॉलेज विजेता और गोमती मित्र मंडल उपविजेता रहा। खो-खो बालिका वर्ग में गनपत सहाय विजेता और अवध फिजिकल एकेडमी उपविजेता रही। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

● जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

# संदिग्ध प्रमाणपत्र और लगातार अनुपस्थिति पर शिक्षक निलंबित

● शिक्षक के नाम व पते का जौनपुर में भी एक शिक्षक कर रहा नौकरी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय पूरे बद्री अहीर में तैनात सहायक अध्यापक धीरेन्द्र कुमार यादव को संदिग्ध शैक्षिक प्रमाणपत्र और लगातार अनुपस्थिति के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने की है। बीएसए ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय द्वारा 26 फरवरी 2026 को विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सहायक अध्यापक धीरेन्द्र कुमार यादव 10 फरवरी 2026 से बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित हैं। इस संबंध में उन्हें स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था, लेकिन वे सुनवाई में भी उपस्थित नहीं हुए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि समान नाम, पिता के नाम और जन्मतिथि से मिलता-जुलता विवरण रखने वाला एक अन्य व्यक्ति जनपद जौनपुर में भी सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। दोनों के शैक्षिक अभिलेखों में समानता पाए जाने के कारण प्रमाणपत्रों की सत्यता संदिग्ध प्रतीत हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली 1973 के तहत शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें ब्लॉक संसाधन केंद्र भदैंया से संबद्ध किया गया है। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी भदैया को जांच अधिकारी नामित करते हुए 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम निंदूरा तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश मंहगू दर्ज हो गया था। मेरे वास्तविक नाम अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं **मोहन गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता, निवासी-548वी /470 विक्रमनगर, निकट वर्मा मेडिकल स्टोर, पोस्ट-मानकनगर, थाना-पारा, जिला-लखनऊ,** मेरा नाम हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मोहन कुमार गुप्ता (MOHAN KUMAR GUPTA) लिखा है जबकि आधार कार्ड, पैन, मतदाता पहचान पत्र के अभिलेखो में शपथी का नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) है जो पूर्णतया सच व सही है, इसलिये मेरा नाम मोहन कुमार गुप्ता के स्थान पर सही नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) के नाम से जाना व पहचाना जायें।

**Public Notice**

I. Asha Maurya wife of Mr. Vijay Kumar Maurya resident of Abbonagar dakshini near sansad niwas district Fatehpur, Uttar Pradesh - 212601. Hereby inform that my name was earlier Asha Devi in my Aadhaar Card, due to which the same wes entered in the school recards of my children, Astha mourya of Class 7-1 and. Vijit Maurya of Class 4-k, students of CMS School, LDA Branch, Kanpur Road," Lucknow. After correction in Aadhaar records, my correct name is Asha Maurya. Hence, Asha Devi and Asha Mourya refer to one and the same person. All concerned may kindly take note and make necessary corrections accordingly.

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAJENDRA BAHADUR था से बदलकर RAJENDRA BAHADUR VERMA रख लिया है। अब मुझे RAJENDRA BAHADUR VERMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BRAHMDIN VERMA ADD-SANKLAP NEAR GOVT- PRIMARY SCHOOL PARSOYIA DIST-AMETHI-227406 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम SHIVANANDA SINGH से बदलकर SHIVANAND SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MOHAN SINGH ADD-VILL-JIWALI POST-JIWALI DIST-AZAMGARH-276301 (U.P.)

**सूचना**

मै **किशन कुमार पुत्र रामबरन नि. पूरे मुसहा पो. सिधौना रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किशन (KISHAN) है, जबकि आधारकार्ड आदि में किशन कुमार (KISHAN KUMAR) अंकित है। अब मैंने अपना नाम किशन से बदल कर किशन कुमार रख लिया है। मुझे किशन कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।

**सूचना**

मैं **श्यामलाल पुत्र गयादीन, निवासी ग्राम मुरादाबाद, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी,** यह घोषणा करता हूं कि श्रीमती विमला उर्फ आशा देवी पत्नी गुरुप्रसाद तथा उनके पुत्र विशाल व कुनाल को अपने परिवार से तथा अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनका मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार मान्य नहीं होगा।

फूटा गुस्सा

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप-इज़रायल प्रधानमंत्री नेतन्याहू का पुतला फूंका

# अमेरिका-इजरायल की नीतियों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर अमेरिका और इजरायल की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर किया गया था। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अमेरिका और इजरायल की युद्ध नीतियों और व्यापारिक समझौतों के खिलाफ नारेबाजी भी की। मोर्चा के जिलाध्यक्ष शारदा प्रसाद पांडेय ने बताया कि यह विरोध अमेरिका और इजरायल द्वारा विभिन्न देशों पर थोपे जा रहे युद्ध के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अमेरिका और इजरायल ने ईरान सहित कई क्षेत्रों में युद्ध जैसी स्थिति पैदा की है, उसके विरोध में देशभर में 'प्रतिरोध दिवस' मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसान संगठन ट्रंप द्वारा जबरन थोपी जा रही व्यापारिक डील का भी कड़ा विरोध करता है। इससे देश के किसानों और आम जनता के हितों पर असर पड़ सकता है।शारदा प्रसाद पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कोई ज्ञापन नहीं सौंपा गया, बल्कि केवल प्रतिरोध स्वरूप पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी और आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



वामपंथी संगठनों ने ट्रंप व नेतन्याहू का जलाया पुतला। ● अमृत विचार

## गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग

● अखिल भारतीय सनातन परिवार का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अखिल भारतीय सनातन परिवार की जिला इकाई ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर गौ माता को भारत की 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को प्राचीन काल से ही सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। करोड़ों हिंदू श्रद्धालु गाय को माता के रूप में पूजते हैं और उससे गहरी आस्था जुड़ी हुई है। उनका कहना था कि वर्तमान समय में भी समाज के विभिन्न वर्गों और सोशल मीडिया पर गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग लगातार उठ रही है। ज्ञापन में संगठन ने राष्ट्रपति से मांग की कि देश के सभी राज्यों को निर्देशित किया जाए कि वे गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए जनादेश एकत्रित करें। साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रही गोकशी की घटनाओं पर सख्त संज्ञान लेने और राज्य सरकारों को गौ हत्या पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए जाएं। संगठन ने ज्योतिर्मठ पीठाधीश्वर आदि शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को विशेष सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**गोंडा, अमृत विचार:** विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुभागपुर गांव के रहने वाली मीरा देवी (25) पत्नी राज संजय कुमार गौतम ने दुपट्टे से घर में फांसी लगाकर जान दे दी। कोतवाली देहात ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटरा बाजार, गोंडा:** कटरा बाजार पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने एक युवक के विरुद्ध बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था आरोपी युवक मनीष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को उपनिरीक्षक नितिन उपाध्याय अपनी टीम के साथ रामगढ़ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### किशोर लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**परसपुर, अमृत विचार:** ग्राम आटा खास निवासी जोजे गुप्ता ने बताया कि उनका पुत्र दीपक 15 वर्ष घर से घूमने के लिए निकला था। देर शाम तक नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी जब कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थाना परसपुर में सूचना दी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा उसकी तलाश के लिए संभावित स्थानों पर छानबीन और पूछताछ की जा रही है।

# तेज बुखार से दो बच्चियों में एईएस की पुष्टि, भर्ती

## संदिग्ध मरीज मिलने से विभाग सतर्क, गांवों में सर्वे के निर्देश

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव के साथ जिले में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के मामले सामने आने लगे हैं। दो बालिकाओं में एईएस के लक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दोनों को मेडिकल कॉलेज के पीकू (पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वजीरगंज क्षेत्र के चेतपुर पासीपुरवा निवासी त्रिभुवन की 15 वर्षीय बेटी शालिनी को तेज बुखार और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत हुई। वहीं काजीदेवर क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासी प्रेम कुमार की 11 वर्षीय बेटी स्वाति भी तेज बुखार से पीड़ित हो गई। परिजन दोनों को इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें पीकू वार्ड में भर्ती कर लिया। जांच रिपोर्ट आने पर दोनों में एईएस की पुष्टि हुई। मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने संबंधित सीएचसी को प्रभावित गांवों में टीम भेजकर घर-घर सर्वे कराने और विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला मलेरिया अधिकारी को गांवों में दवा का छिड़काव कराने, मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सफाई पर दें ध्यान, मच्छरदानी का करें प्रयोग:** एसीएमओ डॉ. सीके वर्मा ने बताया कि एईएस से बचाव के लिए घर और आसपास साफ-सफाई रखें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसके अलावा अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें। ताजा और पौष्टिक भोजन करें तथा बच्चों को दूषित पानी और बासी भोजन से दूर रखें। उन्होंने कहा कि बुखार या कमजोरी होने पर तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।

### लक्षण देखें तो डाक्टर से करें संपर्क

मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. शोएब इकबाल के अनुसार एईएस कई कारणों से हो सकता है। इसमें वायरस या बैक्टीरिया का संक्रमण, दूषित पानी का सेवन तथा मच्छरों के काटने से फैलने वाला संक्रमण प्रमुख कारण हैं। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी या जी मिचलाना, अत्यधिक कमजोरी, बेहोशी या दौरे पड़ना शामिल हैं। इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करें।

### पिछले वर्ष मिले थे एईएस के 26 और जापानी इंसेफेलाइटिस के पांच मरीज

विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2025 में जिले में एईएस के 26 और जापानी इंसेफेलाइटिस के 5 मामले सामने आए थे। अब एईएस के 2 मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सीएमओ ने लोगों से अपील की है कि लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल में जांच कराएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके।

### एसडीएम ने मिट्टी लदी दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

**करनैलगंज, अमृत विचार:** एसडीएम नेहा मिश्रा ने गोंडा-लखनऊ मार्ग पर चौरी चौराहे के पास खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मिट्टी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ ली। कागजात न दिखा पाने पर दोनों वाहनों को कोतवाली करनैलगंज पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक मैजापुर क्षेत्र से मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से चौरी चौराहा लाया जा रहा था। शिकायत मिलने पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया और उन्हें कोतवाली करनैलगंज भेज दिया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि दोनों वाहनों से मिट्टी खनन से संबंधित कागजात मांगे गए हैं। यदि वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो वाहनों के विरुद्ध सीजर की कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं को बांटे सब्जियों के बीज

**बालपुर, गोंडा:** दीनदयाल शोध संस्थान के लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोंडा में जायद फसल के तहत पोषकीय गृह वाटिका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सब्जियों के बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 49 महिलाओं को विभिन्न सब्जियों के बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने कहा कि गृह वाटिका के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को ताजी व पौष्टिक सब्जियां आसानी से मिल सकती हैं। गृह वैज्ञानिक ममता त्रिपाठी ने महिलाओं को गृह वाटिका की स्थापना और सब्जियों की वैज्ञानिक तरीके से बुवाई की जानकारी दी।

# निपुण लक्ष्य प्राप्त 50 बच्चे पुरस्कृत

संवाददाता गोंडा


कार्यक्रम के दौरान बच्चे को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विखं हलधरमऊ के ब्लॉक संसाधन केंद्र चौरी पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ बीईओ सीमा पांडेय ने किया।

उन्होंने कहा तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को पूर्व प्राशि से जोड़ने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करना जरूरी है। बच्चों को अक्षर ज्ञान, संख्या व रंग पहचान, चित्रकला, गीत, कविता और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। इस दौरान नोडल शिक्षकों व स्पेशल एजुकेटर्स ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में बालवाटिका तथा कक्षा एक और दो के चयनित बच्चों को स्टेशनरी व बैग पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। साथ ही ब्लॉक के 10 न्याय पंचायतों के 50 निपुण लक्ष्य प्राप्त बच्चों को विशेष पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हृदयेश आर्य और देवकी नंदन शुक्ल ने किया। इस अवसर पर एआरपी गणित ज्ञानेश्वर पाठक, एआरपी विज्ञान आकाश कुमार, अभ्यजीत सिंह, रणधीर ओझा, राहुल सिंह, मुकेश मिश्र, इरशाद अहमद, मुकेश सिंह, प्रिया सिंह, राजेश जायसवाल, अथर्व सिंह, शमी अहमद, करण आर्य, मनीष कुमार सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप

**बढ़ी परेशानी**

गोंडा कार्यालय


गैस एजेंसी पर निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो कई होटल-ढाबों पर ताला लगने की नौबत आ सकती है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़े तनाव तथा युद्ध जैसे हालात के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ने की चर्चा है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य बताई जा रही है। गैस बुकिंग के लगभग 48 घंटे बाद सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं एक उपभोक्ता को अगली बुकिंग के लिए 21 से 25 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। जिले की आठ गैस एजेंसियों पर इन दिनों उपभोक्ताओं की भीड़ देखी जा रही है। मसकनवा स्थित राजकमल गैस एजेंसी पर सुबह से ही कतारें लग रही हैं। पूर्ति विभाग का कहना है कि जिले में किसी प्रकार की गंभीर समस्या नहीं है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जनपद में क्रियाशील सभी 76 गैस एजेंसियों पर विभाग की निगरानी बनी हुई है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इसके बावजूद होटल और रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता जल्द सामान्य नहीं हुई तो उनके लिए व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है बुकिंग के बाद लोगों के घर तक गैस सिलेंडर पहुंच रहा है। गैस एजेंसी पर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। कमर्शियल गैस सिलेंडर का लोड कम आ रहा है जिससे समस्या आ रही है। फिलहाल नजर रखी जा रही है अभी कोई समस्या नहीं है। उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल व कोतवाल ने गैस की किल्लत को लेकर एजेंसीयों का निरीक्षण किया।



वाहन चालकों को जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरुकता रैली

**परसपुर, गोंडा:** महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय परसपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कम्पोजिट विद्यालय पूरे रामभरोसे पाण्डेय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी, डॉ. अजीत सिंह व प्रधानाध्यापिका वन्दना वर्मा ने किया। इसके बाद सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई, जो पूरे रामभरोसे पाण्डेय चरौहां से परसपुर चौराहे तक गई। स्वयंसेवकों ने लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने तथा ट्रिपल सवारी न करने के लिए जागरूक किया। शिविर में नशा उन्मूलन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें गरिमा गौतम प्रथम, चैन्शी सिंह द्वितीय तथा अर्पित मिश्रा व लक्ष्मी पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर डॉ. एसपी सिंह, डॉ. ज्योति, डॉ. दिनेश मिश्र, डॉ. दयाशंकर मिश्र, मुरलीधर मिश्र, शिवगोपाल शुक्ल, प्रियंका सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**करनैलगंज, अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी की करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र की बैठक मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा उर्फ अज्जू पंडित व जिला महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। बैठक में विधानसभा करनैलगंज की कार्यकारिणी की समीक्षा करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सत्येंद्र प्रताप सिंह को विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया गया, जिस पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आगामी पंचायत चुनाव में जिपं सदस्य पद के लिए मजबूत उम्मीदवार तलाशने तथा विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर भी मंथन हुआ। बैठक में दिलीप सिंह, जयप्रकाश मिश्रा, देवता दीन, बृजमोहन पाल, कुंवर बहादुर सिंह, साधु शरण वर्मा आदि रहे।

# परीक्षा देने जा रहे छात्र की हादसे में मौत

इटियाथोक/रुपईडीह, गोंडा

**अमृत विचार:** मंगलवार सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे 16 वर्षीय छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा गोंडा बलरामपुर मार्ग पर बकठोरवा गन्ना क्रय केंद्र के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की खबर से मृतक छात्र के परिजनों में कोहराम मचा है। कौड़िया थाना क्षेत्र के आर्यनगर कस्बा निवासी जावेद (16) हाईस्कूल का छात्र था। मंगलवार की सुबह वह बाइक से इंद्र कुंवरि इंटर कॉलेज इटियाथोक में परीक्षा देने जा रहा था। गोंडा बलरामपुर मार्ग पर बकठोरवा गन्ना क्रय केंद्र के पास उसकी बाइक सामने चल रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि जावेद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों और डायल 112 पुलिस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जावेद राम कुमारी इंटर कॉलेज कौड़िया का छात्र था और हाईस्कूल की चित्रकला विषय की अंतिम परीक्षा देने जा रहा था। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि छात्र की बाइक गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई थी। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच की जा रही है।


जावेद (फाइल फोटो)

### आनी थी बहन की लगन, मातम में बदलीं खुशियां

जावेद अपने परिवार में दो भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता कलीम अख्तर शटरिंग का काम करते हैं। परिवार में इन दिनों शादी की तैयारियां चल रही थीं। जावेद की छोटी बहन शादिया (22) की मंगलवार को लगन आनी थी और 30 तारीख को उसकी शादी तय थी, लेकिन जावेद की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लगन का कार्यक्रम टाल दिया गया है।

### अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी


करनैलगंज तहसील परिसर में अनशन पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार:** तहसील बार एसो. के बैनर तले मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसीलदार व एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ता मांगों को लेकर क्रमिक अनशन पर बैठे रहे। तहसील बार एसो. के महामंत्री एडवोकेट पवन शुक्ल ने चेताया कि यदि अधिवक्ताओं की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को वृहद रूप दिया जाएगा। एसो. के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल ने कहा जब तक तहसील में तैनात भ्रष्ट अधिकारियों को हटाया नहीं जाता, आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर त्रिलोकीनाथ तिवारी, सत्यनारायण सिंह, गोपाल जी तिवारी, सुरेश तिवारी, रामसभा मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, सुशील सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रताप बली सिंह, राम सजीवन तिवारी, गोविंद तिवारी, उग्रसेन मिश्र रहे।

### बुढ़वा मंगल पर उमड़ी भक्तों की भीड़


बुढ़वा मंगल पर लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा:** बुढ़वा मंगल पर मंगलवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए तांता लगा रहा जो देर शाम तक जारी रहा। बरबटपुर, बटौरा बाबा और श्री बालाजी मंदिर सोनवार में दूरदराज के गांवों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। नगर के भैरवनाथ मंदिर में भी दोपहर बाद भक्तों की संख्या बढ़ गई और यहां मेले जैसा माहौल रहा। मेंहदी हाता स्थित हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं सकरौरा मोहल्ले के बड़े शिवाला मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

# ईरान पर हमले के विरोध में वामपंथी दलों का प्रदर्शन

**राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

संवाददाता गोंडा



ईरान पर हमले के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते वामपंथी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ईरान पर अमेरिका-इजराइल गठजोड़ द्वारा किए गए हमले और विश्व स्तर पर युद्ध का माहौल बनाए जाने के विरोध में मंगलवार को गोण्डा जनपद में वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति महोदया को संबोधित मांगपत्र जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा।

प्रदर्शन में शामिल भाकपा, भाकपा (मार्क्सवादी) सीपीआईएम तथा भाकपा (माले) सीपीआईएमएल के सदस्यों ने कहा अमेरिका के सामने आत्म समर्पण की तरह किए जा रहे व्यापार समझौतों को रद्द किया जाए। साथ ही बीज बिल विधेयक 2025, चारों लेबर कोड और इलेक्ट्रिसिटी विधेयक को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन 2.0, बीवीजी रामजी अधिनियम 2025 तथा शांति विधेयक को भी निरस्त करने की मांग की गई। इसके अलावा इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में निर्दोष नागरिकों और बच्चों की मौत की घटनाओं को सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक उन्माद के रूप में फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में गरीबों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई बंद करने तथा भूमिहीनों को आवास निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने की मांग भी शामिल रही। प्रदर्शन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री ईश्वर शरण शुक्ला, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला मंत्री कौशलेंद्र पांडेय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के जिला मंत्री जमाल, कामरेड सत्यनारायण त्रिपाठी, मुन्ना राम गौतम, रविशंकर विश्वकर्मा, अमित शुक्ला, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, सुरेश कनौजिया, रामगोविन्द, राजीव सिंह, रमेश चौबे, सत्यपाल, लाल कुमार आदि रहे।

## छिनैती करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, जेवरात बरामद

**कटरा बाजार, गोंडा:** थाना कटरा बाजार पुलिस ने बीते अक्टूबर माह में महिला के साथ हुई छीनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी, महिला का पर्स तथा गहने भी बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ऊंचे पुरवा हलधरमऊ निवासी दानिश खां पुत्र शकील खां ने 20 अक्टूबर को थाने में सूचना दी थी कि उनकी माता नसरीन बेगम दवा लेने गई थीं। चौरी चौराहा से बैटरी रिक्शा से वापस घर लौटते समय रास्ते में रामखाड़ा मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार युवकों ने झपट्टा मारकर उनका झोला छीन लिया और फरार हो गए। झोले में करीब 30 हजार रुपये नकद और कुछ गहने रखे थे। सूचना पर पुलिस ने मुकुल बाल्मीकि पुत्र दौलत, मृत्युंजय पुत्र अरविंद तथा शिवम सिंह उर्फ गोलू पुत्र संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, महिला का पर्स तथा सफेद धातु की पायल और बिछिया बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट भेजा गया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत


रमेश (फाइल फोटो)

**रुपईडीह, अमृत विचार:** क्षेत्र के रुकमंगतपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर चार दिन पहले हुई मारपीट में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। कौड़िया थाना क्षेत्र के रुकमंगतपुर गांव निवासी रमेश (45) जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में घायल हो गए थे। दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें रमेश और मंगल घायल हो गए। रमेश के भाई महेश ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रमेश को लखनऊ रेफर कर दिया, जहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने रक्षाराम, शिवम और राहुल को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। मृतक रमेश अपने पीछे छह बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र मंगल और विष्णु तथा चार पुत्रियां खुशबू, प्रेमा, नंदनी और वंदना हैं। पति की मौत से पत्नी शेषमति का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

**एक्सपोजर विजिट** | नक्षत्रशाला में 4के तकनीक से देखी सौरमंडल की दुनिया

# बच्चों ने किया अंतरिक्ष का अद्भुत अनुभव

संवाददाता गोंडा


एक्सपोजर विजिट का दृश्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र परसपुर द्वारा चयनित 100 विद्यार्थियों को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट पर इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला का भ्रमण कराया गया। बीईओ चंद्रभूषण पांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बच्चों ने नक्षत्रशाला में प्रदर्शित 3डी शो, जो अब डिजिटल 4के तकनीक पर आधारित के माध्यम से अंतरिक्ष और सौरमंडल की जानकारी प्राप्त की। यहां कम्प्यूटराइज्ड प्रोजेक्शन सिस्टम की मदद से ब्रह्मांड के रहस्यों को जीवंत रूप में दिखाया गया। विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह शो दर्शकों को तारों, ग्रहों और आकाशगंगाओं के करीब ले जाता है। कार्यक्रम मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक भी है। शैक्षिक भ्रमण में नोडल अध्यापक कुमार चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, अजय यादव, एआरपी सुशील कुमार मिश्रा, रामधीरज मिश्रा, आलोक कुमार सिंह, अमृता रस्तोगी, क्षमा रस्तोगी, राघवेंद्र आर्या, मनोज कुमार सिंह, प्रेम किशोर तिवारी तथा श्वेता सिंह ने बच्चों के मार्गदर्शन और जलपान व्यवस्था में सहयोग किया।



सुगमकर्ताओं को प्रमाण-पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

### 55 सुगमकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

**करनैलगंज, अमृत विचार:** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। संचालन बीईओ सुशील कुमार सिंह ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल शिक्षा का विकास करना तथा सेल्फ एस्टीम को बढ़ावा देना रहा। मास्टर ट्रेनर पंकज चौधरी व मीना मंच सुगमकर्ता निवेदिता द्विवेदी ने संदर्भदाता के रूप में प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में विखं करनैलगंज के सभी कंपोजिट एवं उप्रा विद्यालयों तथा केजीबीवी की सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। कुल 55 सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाताओं ने प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज, अरमान मॉड्यूल, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, मीना मंच का गठन और उसके उद्देश्य, टूल-10, वीरांगना पोर्टल तथा अरमान मॉड्यूल सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**करनैलगंज, अमृत विचार:** राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने बेलवा समय ग्राम के भयापुरवा में घर-घर जाकर लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया और नशा उन्मूलन की जानकारी दी। कहा गया कि नशे से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। इसके पश्चात सकरौरा कंपोजिट विद्यालय से सड़क सुरक्षा जनजागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सावधानी से वाहन चलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में डिजिटल साक्षरता एवं सरकारी योजनाएं विषय पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह ने की। संचालन डॉ. ममता मिश्रा ने किया। अंत में डॉ. जगन्नाथ तिवारी व डॉ. पवन कुमार मिश्र ने अगले दिन की कार्ययोजना से स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन हटाने को लेकर मारपीट, तीन पर केस

**धानेपुर, गोंडा :** नगर पंचायत धानेपुर में घर के सामने खड़े वाहन को हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाप-बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। धानेपुर नगर पंचायत के मोहल्ला ब्लॉक निवासी राकेश गिरी के अनुसार सोमवार रात पड़ोस में रहने वाले संतोष कुमार कसौधन ने उनके दरवाजे के सामने वाहन खड़ा कर दिया था। जब उन्होंने वाहन हटाने के लिए कहा तो संतोष कसौधन अपने बेटे रमन कसौधन और किशन कसौधन के साथ आ गए। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए राकेश गिरी की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी, जिससे उन्हें चोटें आईं।

### वोट न देने पर जान से मारने की दी धमकी

**धानेपुर, गोंडा :** ग्राम पंचायत मेघवा के घूरपुरवा बनकटी अर्जुन सिंह निवासी बृजेश कुमार ने गांव के ही एक युवक सहित चार लोगों के खिलाफ धमकी और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई गई एफआईआर में बृजेश कुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब नौ बजे बगल गांव के रहने वाले रजत सिंह अपने तीन साथियों के साथ उनके घर पहुंचे। उस समय वह घर पर नहीं थे। आरोप है कि रजत सिंह उनके पिता को भला-बुरा कहने लगे और कहा कि "बहुत राजनीति कर रहे हो, मैं चुनाव लड़ने जा रहा हूं। मेरे अलावा अगर किसी को वोट दोगे तो गांव में रहने नहीं दूंगा।" पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने इस दौरान काफी अपशब्द कहे और जरूरत पड़ने पर गोली मारने की धमकी भी दी। रजत ने फोन कर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी।

# अस्पताल में अव्यवस्था पर भड़कीं जनक नंदनी

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता बलरामपुर


मरीज से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेतीं जनक नंदनी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदनी ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के अधीन संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे अस्पताल पहुंची आयोग की सदस्या ने सबसे पहले इमरजेंसी, वार्ड और ओपीडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इमरजेंसी वार्ड में बेड पर गंदी चादरें मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। महिला वार्ड और प्रसव कक्ष के पास बने शौचालयों की स्थिति भी खराब पाई गई। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर सफाई कर्मियों को आनन-फानन में पोछा लगाते देखा गया, जिस पर उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके आने की सूचना के बाद ही सफाई कराई जा रही है। उन्होंने एक्स-रे, सीटी स्कैन, डायलिसिस यूनिट और टीकाकरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में ओपीडी के बाहर तितर-बितर बैठे मरीजों की भीड़ देखकर उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। किचन के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि मरीजों को मिलने वाले भोजन को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं और इसकी गोपनीय जांच में कई तथ्य सामने आए हैं। दोषियों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान महिला सर्जन से जुड़ी शिकायतों को लेकर भी उन्होंने सीएमएस डॉ. राजकुमार व एसीएमओ डॉ. अनिल चौधरी के साथ बंद कमरे में बैठक की। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा निजी अस्पतालों में सेवा देने की शिकायतें गंभीर हैं। जनक नंदनी ने कहा कि बार-बार निर्देशों के बावजूद अस्पताल की व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी के साथ बैठक के बाद पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

### योग शिविर में लोगों ने सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

**संवाददाता बलरामपुर, अमृत विचार :** शहर के तुलसी पार्क में सोमवार को योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ. हंसराज वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। इसके साथ ही सुबह चार से पांच किलोमीटर तक पैदल चलना भी स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, कपालभाति, शवासन, अनुलोम-विलोम और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। आयोजकों ने लोगों से नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया।

### रमजान में बिजली कटौती से परेशानी

**उतरौला, बलरामपुर :** पवित्र रमज़ान माह के दौरान उतरौला क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से रोज़ेदारों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने लगी है, जिससे लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। समाजसेवी आजाद मलिक व स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समय लगभग साढ़े 13 घंटे का रोज़ा रखा जा रहा है। ऐसे में सेहरी, इफ्तार और रात की इबादत के समय बिजली की जरूरत अधिक होती है, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा एक घंटे की रोस्टिंग के नाम पर कई बार तीन-तीन घंटे तक बिजली गुल कर दी जाती है। नागरिकों का आरोप है कि शिकायत करने पर अधिकारी और कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। यदि फोन उठाया भी जाता है तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

# रमजान में उमड़े खरीदार, लगा जाम

संवाददाता उतरौला, बलरामपुर



उतरौला नगर में ई-रिक्शों के कारण लग रहा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पवित्र रमज़ान माह के चलते कस्बा उतरौला के बाजारों में इन दिनों खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। ईद-उल-फितर नजदीक आते ही लोग कपड़े, जूते, खाद्य सामग्री व अन्य सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में बाजार पहुंच रहे हैं, जिससे नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। दिनभर बाजारों की सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजारों में दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में चल रहे ई-रिक्शा के कारण सड़कों पर भीड़ और बढ़ गई है। खासकर शाम के समय इफ्तार के बाद खरीदारी के लिए निकलने वाले लोगों की संख्या बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। कई बार लोगों को थोड़ी दूरी तय करने में भी लंबा समय लग जाता है। स्थानीय समाजसेवी एजाज़ मालिक ने बताया कि रमज़ान के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, इसलिए प्रशासन को पहले से ही यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस इंतजाम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों को श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से ही बाईपास की ओर मोड़ दिया जाए और बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा की संख्या नियंत्रित की जाए, ताकि जाम की समस्या कम हो सके।

# रमजान का आखिरी अशरा शुरू शबे कद्र की तलाश में जुटे रोजेदार

**गैंड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर:** पवित्र रमजान माह का आखिरी अशरा शुरू हो गया है। रमजान के 21वें रोजे से लेकर 30वें रोजे तक चलने वाला यह अशरा इस्लाम धर्म में बेहद अहम माना जाता है। इस दौरान रोजेदार अधिक से अधिक इबादत कर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी और जहन्नम की आग से निजात की दुआ करते हैं। मौलाना व कारी नईमुद्दीन ने बताया कि रमजान का आखिरी अशरा जहन्नम से मुक्ति का समय होता है। इस दौरान मुसलमान खास तौर पर इबादत, तिलावत, दुआ और एत्तकाफ में मशगूल रहते हैं।


कारी नईमुद्दीन।

उन्होंने बताया कि प्यारे नबी हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम भी इस अशरे में ज्यादा से ज्यादा इबादत किया करते थे और अपने अनुयायियों को भी इबादत की ताकीद करते थे। रमजान के आखिरी अशरे के शुरू होते ही मस्जिदों में एत्तकाफ बैठने का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। एत्तकाफ करने वाले लोग 20वें रोजे की इफ्तार के बाद मस्जिदों में बैठकर ईद का चांद नजर आने तक अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं।

### मुख्यमंत्री योगी आज जिले में

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 11 और 12 मार्च को जनपद बलरामपुर का प्रस्तावित दौरा तय किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करने के साथ ही विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 11 मार्च को शाम 3 :45 बजे मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय परिसर पहुंचेंगे, जहां वे निर्माणाधीन विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद शाम 4 :05 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। शाम 4 :25 बजे मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट प्रांगण पहुंचेंगे, जहां 4 :30 बजे से 5 :20 बजे तक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा तुलसीपुर के लिए रवाना होंगे। तुलसीपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री कार से देवीपाटन मंदिर जाएंगे और मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 12 मार्च को सुबह 9 :30 बजे वे देवीपाटन मंदिर से हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे और 9 :35 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से अगले गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**महराजगंज तराई, बलरामपुर :** थाना क्षेत्र के ग्राम भुडकुडहा में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम भुडकुडहा निवासी नीता देवी पत्नी कृष्ण कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके साथ उनके चाचा बहादुर (65) पिछले कई वर्षों से रह रहे थे। आरोप है कि नौ मार्च की रात करीब आठ बजे गांव के ही अमर पाल, विजय पाल, सत्यपाल पुत्र सलदी यादव तथा सुभाष पुत्र विजय पाल ने बहादुर को घर व संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद बहादुर डरकर कुछ समय के लिए नीता देवी के घर आ गए थे। नीता देवी के अनुसार कुछ देर बाद बहादुर अपने घर वापस चले गए। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी लोग मिलकर बहादुर की हत्या कर दी। मंगलवार सुबह बहादुर की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नहर किनारे कपड़े में लिपटा मिला नवजात

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** क्षेत्र के मोतीपुर हड़ाहवा गांव के पास सरयू नहर के किनारे मंगलवार को कपड़े में लिपटा एक नवजात शिशु मिलने से इलाके में चर्चा फैल गई। थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि पचपेड़वा नगर निवासी विकास कसौधन व उनकी पत्नी ज्योति कसौधन किसी काम से उसी रास्ते से जा रहे थे। तभी उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखने पर कपड़े में लिपटा नवजात शिशु मिला, जिसे वे तुरंत पचपेड़वा थाने ले आए। पुलिस ने शिशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा भेजकर मेडिकल जांच कराई, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ बताया।

### शिविर में 47 का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला महिला चिकित्सालय में जांच शिविर लगाया गया। इसमें 47 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी जानकारी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नगमा खान ने गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित व पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार चिकित्सकीय जांच अवश्य करानी चाहिए, जिससे मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य की निगरानी हो सके। उन्होंने बताया कि खून की जांच व अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट चिकित्सक को दिखाकर उचित परामर्श लेना जरूरी है, ताकि प्रसव के समय किसी भी प्रकार की जटिलता से बचा जा सके। शिविर के दौरान महिलाओं को फल भी वितरित किए गए और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

### गन्ने का 30.44 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने पेराई सत्र 2025–26 के तहत खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है। मिल प्रबंधन के अनुसार 26 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 3044 .08 लाख रुपये यानी लगभग 30 .44 करोड़ रुपये का भुगतान मंगलवार को किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेयी ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल्स किसानों की खुशहाली के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में मिल गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहने का प्रयास कर रही है। मिल प्रबंधन ने किसानों को सलाह दी है कि वे अच्छी पैदावार के लिए अपने खेतों में को-15023, को-0118 एवं कोलख-14201 प्रजाति के गन्ने की द्वितीय पेड़ी अवश्य रखें जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। साथ ही किसानों से अपेक्षा की गई है कि वे चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती और अगोला रहित ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें तथा अपनी पर्चियों की वैधता अवधि के भीतर गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करें ताकि उनके बेसिक कोटे में भी वृद्धि हो सके।



होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद विशिष्टजन। अमृत विचार

### होली आपसी भाई चारे का प्रतीक: जिला जज

**गोंडा कार्यालय :** सोमवार को सिविल बार एसो. के सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह रहे। डीबीए के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी, सीबीए के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी व महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी व सुनील कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है। कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम हरेंद्र कुमार ओझा, सीजीएम अमित कुमार सहित सभी न्यायिक अधिकारियों को माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, उपेंद्र कुमार मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी, बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे, केके मिश्रा, राम करण मिश्रा, माधव राज मिश्रा, राम बुझारत दुवेदी, संजय सिंह, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम आशीष त्रिपाठी, प्रदीप कुमार पांडेय, दिनेश नारायण पांडेय, राजेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, लाल बिहारी शुक्ला, रितेश यादव, शिवम सिंह रैकवार, शंत बक्श मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 23 मार्च को 'वंदे मातरम चौक' घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

**बलरामपुर, अमृत विचार:** विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ और शहीद दिवस के अवसर पर आगामी 23 मार्च को प्रदेश की सभी जिला इकाइयां जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर किसी प्रमुख व व्यस्ततम चौक को 'वंदे मातरम चौक' घोषित करने की मांग करेंगी। उन्होंने कहा कि यह चौक जिले का सबसे सुंदर और आकर्षक चौक बनाया जाएगा। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना ने किया। बैठक में अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र कुमार पाठक, मातृ शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष गंगा धाकड़ समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि घोषित चौक पर शहीदों के चित्र, वंदे मातरम गीत की पट्टिका, भारत माता की प्रतिमा, तिरंगा ध्वज तथा यातायात संकेतक लगाए जाएंगे। सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक ने संगठन की गतिविधियों को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रसारित करने पर जोर दिया।



ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। अमृत विचार

### समस्याओं को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन

**गोंडा कार्यालय :** विकास खंड रूपईडीह में ग्राम रोजगार सेवकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने ने विकास खंड कार्यालय के सामने एकत्र होकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे ग्राम रोजगार सेवकों का आरोप है कि लंबे समय से उनका मानदेय बकाया चल रहा है, लेकिन कई बार ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। मांग करते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 का बकाया मानदेय तत्काल भुगतान किया जाए। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025–26 का मानदेय भी जल्द जारी करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त मानदेय से काटी गई ईपीएफ की धनराशि का एफटीओ बनाकर उसे यूएएन खातों में जमा कराने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान सुखदेव, दुर्गेश, पप्पू भारती, अनिल कुमार मिश्र, जितेंद्र कुमार राय, तुलसीराम, चंद्रप्रकाश शुक्ल, रामानंद, सत्यप्रकाश शुक्ल, रेनू यादव, आलोक कुमार शुक्ल, अजय कुमार वर्मा, रामशंकर तिवारी, मनोज कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।



बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### आमजन की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगी कांग्रेस

**गोंडा कार्यालय :** कांग्रेस भवन सभागार मे मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक फ्रंटल की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी ब्लॉकों में बैठक करेगी। भाजपा की गलत नीतियों को बताया जाएगा जिसके कारण किसान, नव जवान, महिला, छात्र, बेरोजगारी, महंगाई जैसे समस्याओं का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए जन जन की समस्याओं को लेकर लड़ेगी। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ ही जनसमस्याओं की बात को जोर दार तरीके से जिले उठाया जाएगा। समस्याओं का जिले स्तर पर निराकरण कराने के लिए कांग्रेस पार्टी दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करती आ रही है और आगे भी करती रहेगी। संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने किया। बैठक में पूर्व प्रधानाचार्य ब्रिजेश द्विवेदी, शुक्ला प्रसाद शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अर्जुन वर्मा, निशांत सिंह बिसेन, शकील अहमद, बंशी धर वर्मा, संतोष सिंह, अरविंद शुक्ला वेद प्रकाश सिंह राजेश कुमार सिंह, हरी राम वर्मा, इरफान खान आदि मौजूद रहे।

# आग लगने से दर्जनभर फूस के घर जले

संवाददाता परसपुर, गोंडा


आग से जलकर राख हुआ छप्पर का मकान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना परसपुर क्षेत्र के शिवगढ़ स्थित केवटन पुरवा में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर करीब एक दर्जन गरीब परिवारों के फूस के छप्पर जलकर राख हो गए। आग लगने से पीड़ित परिवारों का भारी नुकसान हुआ है।

दोपहर बाद लगी आग से बच्चा राम निषाद, जगदीश, भोले, गुल्ले, दुर्गादीन, खुशीराम, बीरबहादुर और मंगरू समेत कई लोगों के फूस के छप्पर चपेट में आ गए। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में घरों में रखा अनाज, कपड़े और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। बच्चा राम निषाद के घर में रखा अनाज और जरूरी सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बाल्टी और हैंडपंप के सहारे कड़ी मशक्कत कर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर की कोशिशों के बाद ग्रामीणों ने आग को और फैलने से रोकने में सफलता पाई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम तथा शाहपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना की सूचना राजस्व विभाग को भी दे दी गई है। मौके पर पहुंचे लेखपाल राहुल दुबे ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को भेजने की बात कही है, ताकि पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# निपुण बच्चों को किया गया सम्मानित

संवाददाता पचपेड़वा, बलरामपुर



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पचपेड़वा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 'हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी शिक्षा, साक्षरता और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के साथ ही निपुण लक्ष्यों के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से बालवाटिका आंगनबाड़ी केंद्रों व को-लोकेटेड विद्यालयों के पांच-पांच निपुण बच्चों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को मुख्य अतिथि व खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एआरपी आलोक कुमार पाठक, राहुल राय, मनोज अग्रहरि, रविकांत मिश्र व संजय बाजपेई ने निपुण भारत मिशन, बालवाटिका व पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी रविकांत मिश्र ने किया। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बालक की मौत

**जरवा, बलरामपुर:** कोतवाली जरवा क्षेत्र के बघेलखंड चौकी अंतर्गत रनियापुर बनगाई गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता घनश्याम ने बताया कि उनका पुत्र प्रमोद (9) सोमवार शाम करीब सात बजे गांव के बाहर सड़क से पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान गन्ना तौल कर वापस लौट रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गया और ट्रॉली का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद प्रधान रामसिंह यादव व अन्य ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव को घर ले आए और पंचायतनामा कर आपसी सहमति से अंतिम संस्कार कर दिया।

### घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने की दी गयी सलाह

**बलरामपुर, अमृत विचार :** श्रीदत्तगंज बाजार में सोमवार को पुलिस की ओर से जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं को घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल ने कहा कि घरेलू हिंसा की घटनाओं को नजरअंदाज करने से समस्या और गंभीर हो जाती है। इसलिए महिलाएं ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गोष्ठी के दौरान बालिकाओं को यूपी डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, 190, एंबुलेंस सेवा 102 व 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी।

**माँ गायत्री रामसुख पाण्डेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मसकनवां, गोण्डा उ0प्र0**
सम्बद्ध : माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।

**में आवश्यकता हैः–**

**प्राचार्य–** 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता– 06 पद परास्नातक स्तर पर एम0एससी0 (भौतिक विज्ञान) प्रवक्ता–02 पद, एम0ए0 (राजनीतिशास्त्र) प्रवक्ता–02 पद तथा एम0लिब0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–02 पद, एम0एस0सी0 (कृषि एग्रोनॉमी) प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय–ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
मो0नं0–9918723428

**आवश्यकता है**

**बैकुंठनाथ महाविद्यालय करनैलगंज गोण्डा**
में प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्रवक्ता की। प्राचार्य एक पद। अर्हता प्राचार्य नेट व पी0एच0डी0 तथा 15 वर्ष का शिक्षण कार्य का अनुभव। प्रवक्ता विषय स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में एक एक पद। अर्हता प्रवक्ता नेट या पी0एच0डी0। वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें
प्रबंधक –रुद्र नाथ मिश्र
मो0–80527 14946

# पयागपुर गैस एजेंसी पर एसडीएम का छापा

## उपभोक्ताओं की सिलेंडर की किल्लत व अनियमितता की शिकायत पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** पयागपुर क्षेत्र में गैस की किल्लत और ओवर-प्राइसिंग की अफवाहों के बीच मंगलवार को प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाए। एसडीएम पयागपुर अश्वनी कुमार पांडेय ने विकास गैस एजेंसी पर औचक छापेमारी की। जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर और मौके पर उपलब्ध सिलेंडरों की संख्या में भारी अनियमितता मिली, जिस पर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं द्वारा गैस की आपूर्ति में बाधा और अधिक मूल्य व सूलने की शिकायतें मिल रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार पांडे ने एआरओ और सप्लाई इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम के साथ गैस एजेंसी का घेराव किया। अधिकारियों ने न केवल स्टॉक की जांच की, बल्कि वितरण प्रणाली के रिकॉर्ड को भी खंगाला। अनियमितता पाए जाने पर एजेंसी संचालक में हड़कंप मच गया निरीक्षण के दौरान एसडीएम खुद उपभोक्ताओं के बीच पहुंचे और उनसे संवाद किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों का शिकार न हों।

एसडीएम पांडेय ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करना है। यदि कोई भी संचालक निर्धारित दर से एक रुपया भी अधिक मांगता है या स्टॉक छिपाकर कालाबाजारी करता है, तो उस पर गैंगस्टर एक्ट जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है एसडीएम ने स्पष्ट लहजे में कहा कि क्षेत्र में आपूर्ति को लेकर भ्रम फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से गलत जानकारी साझा करने वालों पर साइबर सेल के जरिए कड़ी नजर रखी जा रही है।



जांच के दौरान गैस एजेंसी के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार



बल्लियों के सहारे जाती विद्युत लाइन।

### विद्युत व्यवस्था बदहाल ग्रामीण परेशान

**कैसरगंज (बहराइच)।** ग्राम पंचायत वैरी महेशपुर में विद्युत व्यवस्था सवालों के घेरे में है। लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद गांव में आज भी आधा दर्जन से अधिक चालीस वर्ष पुराने लकड़ी के खम्भों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। गांव के शीतला माता थान के पास स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बनी हुई है जहां बिजली के तार बेहद नीचे झूल रहे हैं। यहां नवरात्रि व तीज-त्योहारों के दौरान पूजा-पाठ और दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचती हैं। ऐसे में झूलते तारों के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर लकड़ी के खम्भों और नीचे लटकते तारों से आम लोगों के साथ-साथ पूजा करने आने वाली महिलाओं को भी खतरा बना हुआ है। गौरवतलब बात यह कि जर्जर लकड़ी के खम्भों के बगल सीमेन्टेट बिजली खम्भा गड़े लाइन के इंतजार कर रहे है। बरसात और तेज हवा के दौरान यह खतरा और भी बढ़ जाता है ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द जर्जर खम्भों को बदलकर सुरक्षित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। इधर उसी ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर के देवतादीनपुरवा में आजादी के लगभग 79 वर्ष बाद प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी हर घर बिजली योजना के तहत गांव में बिजली लाइन बिछाई गई थी, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब घर-घर रोशनी पहुंचेगी। लेकिन लाइन बिछने और शुल्क जमा करने के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू न होने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय हजारी, बद्री प्रसाद यादव, रामलखन, रामप्रकाश, इबरार ने विद्युत विभाग से जल्द बिजली सप्लाई शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल

खैरीघाट, बहराइच

**अमृत विचार।** नानपारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को महज 30 मिनट के भीतर सड़क दुर्घटना के 8 घायल पहुंचने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. संतोष वर्मा ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इसी बीच कीटनाशक दवा के सेवन से एक युवक को भी अस्पताल लाया गया, जिसे उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय भकुरहा में तैनात शिक्षक जितेंद्र कुमार गुप्ता अपने विद्यालय से नानपारा स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही मथुरा निवासी दिनेश की अनियंत्रित मोटरसाइकिल उनकी बाइक से टकरा गई। हादसे में शिक्षक जितेंद्र कुमार गुप्ता का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि दिनेश को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। अन्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल होकर अस्पताल पहुंचे लोगों में थाना रूपईडीहा क्षेत्र के मुहर्रम अली पुत्र असगर अली, आसमा पत्नी मोहम्मद अली और अशरफ अली पुत्र मोहम्मद अली शामिल हैं। इसके अलावा थाना रिसिया क्षेत्र की रजिया पत्नी शाकिर अली, थाना खैरीघाट क्षेत्र की सुनीता पत्नी कृष्ण कुमार और राम देवी पत्नी उत्तम विश्वकर्मा भी घायल अवस्था में अस्पताल लाई गईं। इसी दौरान राकेश टाकीज निवासी 22 वर्षीय फहद खान को कीटनाशक दवा के सेवन के बाद परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### घायल अवस्था में मिला मासूम, रेफर

**बहराइच।** हुजूरपुर थाना क्षेत्र में स्थित भंगहा ग्राम के रहने वाले ग्रामीण का 9 वर्ष का बेटा अंशु सोमवार की रात ग्राम में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा, देर रात लोगों ने उसे घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित बाबा घाट के पास घायल अवस्था में देखा जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच उसे इलाज के लिए लेकर बहराइच जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। घायल मासूम की मां सीमा ने अज्ञात लोगों पर बेटे की पिटाई कर फेंकने की बात कही है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष का आगमन आज

**बहराइच:** अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर), उ0प्र0 महिला कल्याण निगम कमलावती सिंह का 11 मार्च को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह 11 मार्च को मध्याह्न 12:00 बजे एस.आर. लॉन कैसरगंज पहुंचकर अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महासम्मेलन एवं रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। वह अपरान्ह 03:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में विभागीय समीक्षा एवं अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगी तथा अपरान्ह 04:00 बजे श्री सिद्धनाथ मन्दिर में दर्शन एवं पूजन करेंगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. अध्यक्ष श्रीमती सिंह अपरान्ह 05:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।

### चरस तस्कर को 15 वर्ष की सजा

**श्रावस्ती :** सिरसिया क्षेत्र में स्थित 62वीं वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी क्षेत्र में 25 दिसम्बर 2023 को नेपाल से चरस लेकर आ रहे एक तस्कर को एसएसबी की टीम ने पकड़ा था। जिसके कब्जे से तीन किलो 200 ग्राम चरस बरामद हुआ था। पूंछताछ में आरोपी की पहचान बेचू उर्फ रहीस पुत्र गुड़ई किशोर निवासी शाहपुर पूरेशिवदीन पूरेबाले, थाना सिरसिया के रूप में हुई थी। जिसे जेल भेजा गया था। तीन साल से मामले का विचारण न्यायालय में हो रहा था। मामले की पैरवी कर रहे विशेष केंद्रीय नारकोटिक्स अभियोजक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को आरोपी तस्कर बेचू को दोषी करार देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति ने उसे 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1.50 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### 7 वाहन सीज, 32 का हुआ ई-चालान

**रूपईडीहा (बहराइच)।** रूपईडीहा पुलिस ने यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाकर 7 वाहन सीज कर 32 वाहनों का ई-चालान किया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आशुतोष चंद कौशिक तथा उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह की टीम ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने 07 चार पहिया वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया। वहीं 32 वाहनों का ई-चालान करते हुए कुल 38,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### मौलाना पर बहराइच में दर्ज हुआ मुकदमा

**बहराइच :** बीते दिनों बिहार में एक मौलाना की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर प्रदेश में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। हिंदू संगठनों की ओर से कई जिलों में मौलाना की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह ने नगर कोतवाली में मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ तहरीर देते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। नगर कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि अब्दुल सलीम के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

# संजय सेतु पर वन-वे कर लगाया गया चेतावनी बोर्ड

जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच-गोंडा मार्ग पर घाघराघाट स्थित संजय सेतु पुल की हालत लगातार खराब होती जा रही है। पुल के कई हिस्सों में दरारें और गैप बनने से यह जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। स्थिति को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू करते एहतियाती कदम उठाए हैं।

सोमवार को दोनों जनपदों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके मौके की जांच कराकर तत्काल प्रभाव से पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। अब ट्रक, डंपर और अन्य बड़े वाहन पुल से नहीं गुजर सकेंगे।

पुल पर बने बड़े गैप और क्षतिग्रस्त हिस्सों को देखते हुए यातायात को फिलहाल वन-वे कर दिया गया है, ताकि वाहन नियंत्रित गति से निकल सकें और किसी भी वाहन के फंसने या हादसे की आशंका कम हो सके।

**नई व्यवस्था**




लगाया गया चेतावनी बोर्ड।

साथ ही पुल के दोनों ओर "सावधान खतरा" का बोर्ड भी लगाया गया है, जिससे वाहन चालकों को पहले से सतर्क किया जा सके। वहीं पुल पर मौके पर तैनात पुलिसकर्मी यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं और चालकों को सावधानी बरतने की हिदायत दे रहे हैं।

# नई शिक्षा नीति के बारे में किया जागरूक

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** जनपद के को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत ईसीसीई एजूकेटर, नोडल शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल वाटिका वंडर बाक्स किट के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान नई शिक्षा नीति के बारे में जागरूक किया गया।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण प्रदीप कुमार वर्मा के संयोजन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा एवं एसआरजी सुधीर कुमार मेहरोत्रा ने प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्राविधानों एवं वंडर वाक्स-बालवाटिका किट प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खंड से बेसिक शिक्षा विभाग से दो-दो एआरपी तथा बाल विकास परियोजना विभाग से दो- दो सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया गया। इन प्रशिक्षित संदर्भदाताओं द्वारा ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वंडर बॉक्स किट, आईआईटी गांधीनगर के द्वारा तैयार किया गया है, इसमें 19 प्रकार की शैक्षिक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें जानवरों, फल एवं सब्जियों की पहचान, वर्ण माला, संख्या पहचान, सुडोकू पहेलियां, अंकीय तथा भाषाओं का ज्ञान, रंगों की पहचान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इस दौरान एआरपी श्रवण मिश्रा, कुमार अभय, प्रदीप नारायण सिंह, रसल रघुवंशी, शैलेंद्र कुमार, विमल अग्निहोत्री, पवन दूबे, श्रीशश्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, रश्मि मदेशिया, श्वेता वर्मा, तथा मुख्य सेविका, सपना मौर्या, लता मिश्रा, संध्या कुमारी, नीलम वर्मा, मुक्ता देवी, सपना चौधरी सहित भारी संख्या में मुख्य सेविकाएं एवं एआरपी मौजूद रहे।




बाक्स किट के प्रयोग के बारे जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**प्रशिक्षण का आयोजन**

# बाबागंज में हुई रोजा-इफ्तार की पार्टी



इफ्तार पार्टी में शामिल लोग। अमृत विचार

**बाबागंज (बहराइच)।** क़स्बा बाबागंज में प्रसिद्ध व्यवसाई एख़लाक़ अहमद द्वारा पवित्र रमजान माह के अवसर पर इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इफ्तार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी सहित कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक साथ रोजा इफ्तार कर आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इफ्तार के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और क्षेत्र में शांति, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भी सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर मो शकील, राजू, अमित गुप्ता, सतेंद्र वर्मा, आमीन खान, इमरान, अंसार बाबू अंसारी, रावेन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, रमेश सोनकर, मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों का हुआ इलाज

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती), अमृत विचार।** गिलौला के चेतिया मुरार में सोमवार को अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत समग्र कल्याण स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें आए लोगों का स्वास्थ परीक्षण कर आवश्यक दवा प्रदान किया गया। गिलौला विकास खंड के ग्राम चेतिया मुरार स्थित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र पर अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत समग्र कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर में आए लोगों को बताया गया कि इसका उद्देश्य क्षेत्र के बुजुर्गों एवं आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अतुल कुमार, फर्मासिस्ट लाखेराम कैराती, भृत्य संजय कुमार, योग प्रशिक्षक वीरेन्द्र कुमार एवं रुचि मौर्या सहित आयुष विभाग के चिकित्सक, समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।




शिविर में इलाज करने पहुंचे लोग।

## हवन-पूजन से शुद्ध होता है वातावरण

**पयागपुर (बहराइच)।** क्षेत्र के पैतोरा मोड़ स्थित समय माता मंदिर परिसर सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और माता के जयकारों से गुंजायमान रहा। अवसर था 11 कुंडीय हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का, जिसमें हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने अपनी अटूट आस्था प्रकट की कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य रामजी शास्त्री के सानिध्य में वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। 11 कुंडीय वेदियों पर आहुति डालते हुए सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात कन्या पूजन का आयोजन हुआ, जहाँ नन्हीं कन्याओं के पांव पखारकर उन्हें भोजन कराया गया और आशीर्वाद लिया गया भक्तों को संबोधित करते हुए साधक क्रांतिवीर मिश्रा ने कहा कि हवन-पूजन से न केवल बाहरी वातावरण की शुद्धि होती है, बल्कि मनुष्य के भीतर व्याप्त मानसिक विकारों का भी नाश होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि माँ जगत जननी की शरण में आने वाले भक्तों के त्रिविध दोष मिट जाते हैं और उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक निखार आता है दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें पयागपुर और आसपास के गांवों से आए हजारों भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बृजकिशोर केडिया, सुनील केडिया, गुड्डू जायसवाल, अंकित अग्रवाल, अंश रावत, सुशील रावत, सत्येन्द्र सिंह, बदलूराम, डब्लू पाठक, देवतादीन आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर हुआ मंथन

**पयागपुर (बहराइच)** ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर में मंगलवार को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों, सचिवों व प्रभारी प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में वक्ताओं ने स्कूल प्रबंधन और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मास्टर ट्रेनरों ने आरटीई एक्ट-2009 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दिलाना और विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार करना प्रबंध समिति का मुख्य उत्तरदायित्व है। बीईओ डाली मिश्रा ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही 'निपुण भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में बाल वाटिका, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम और माता उन्मुखीकरण जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनर हरीराम यादव, सुनील पांडेय, बृजेश तिवारी, प्रदीप पांडेय, रामकुमार पाण्डेय समेत विनोद पांडेय, आलोक शुक्ला, दुर्गेश श्रीवास्तव, रागिनी मिश्रा, बाला बच्ची, प्रभा पाण्डेय, अनुपम गहलोत, मानवेंद्र यादव, सुनील त्रिपाठी, प्रभु दयाल मिश्रा, पवन शुक्ल, रोहित शुक्ल, पंकज तिवारी, पंकज मिश्र व नवल पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में अधिकारियों ने सुनी समस्या




महिला की फरियाद सुनते डीएम। अमृत विचार



वाइस चेयरमैन का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुना। इस दौरान डीएम को विभिन्न विभागों से संबंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुई। इस पर डीएम ने शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं पुलिस कार्यालय में एसपी राहुल भाटी ने फरियादियों की समस्या सुन उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया।

**वाइस चेयरमैन का हुआ स्वागत, सिरसिया (श्रावस्ती):** वाइस चेयरमैन वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद सतीश पाठक सोमवार सिरसिया पहुंचे। जिनका पिपरहवा गांव में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि यह स्वागत मेरा नहीं, बल्कि आपकी अटूट आस्था और विश्वास का सम्मान है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को दूर कराने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर अधिवक्ता दिनेश कुमार पाठक, अवनिश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव, प्रणित सुभाष मिश्रा मौजूद रहे।

# खम्भे से टकराकर ई-रिक्शा पलटा, आठ लोग घायल

संवाददाता, इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** यात्रियों को लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा कर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया जहां एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नवीन माडर्न थाना कटरा के खरगौरा बस्ती स्थित पेट्रोलपम्प के पास मंगलवार को नेशनल हाइवे पर जा रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खम्भे से टकराकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार बलरामपुर जिले के थाना ललिया क्षेत्र स्थित बालापुर शिवपुरा बाजार निवासी जालिमुंनिशा (40) पत्नी गफ्फार अली, गुलफाम (12) पुत्र अकबर अली, बलरामपुर कोतवाली देहात के ग्राम रछौड़ा निवासी साकिया (22) पत्नी मकसूद अली, नूरजहां (45) पत्नी डाक्टर अली, अमीरूल निशा (40) पत्नी नान बाबू, रबीना (20) पत्नी हजरत अली व इनायत (3) पुत्री हजरत अली समेत कुल आठ लोग घायल हो गए। यह सभी ई-रिक्शा से इकौना आ रहे थे। लोगों की ओर से सूचना एम्बुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां जालिमुंनिशा की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया।

**तैयारी जारी** जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 14 एवं 15 मार्च को सम्पन्न होगी उप निरीक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा

# उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की परीक्षा पर प्रशासन सतर्क

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 02 पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होने वाली परीक्षा को सकुशन सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं।

अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज ब्राहम्णीपुरा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा श्रीमती अमिता यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरि को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार आज़ाद इण्टर कालेज हेतु उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय व नायब तहसीलदार पयागपुर को क्रमशः सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय इण्टर कालेज छावनी बाजार हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल को सेक्टर व नायब तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) ब्रम्हादीन यादव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय बालिका इण्टर कालेज निकट गेंदघर, गुलाम अलीपुरा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मोनालिसा जौहरी को सेक्टर व नायब तहसीलदार नानपारा हर्षित पाण्डेय को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

राजकीय पालिटेक्निक आसाम चौराहा कल्पीपारा भिन्गा रोड हेतु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर आलोक प्रसाद को सेक्टर व नायब तहसीलदार महसी हरिषंकर पटेल को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय पालिटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा रोड निकट आईटी कालेज हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक तहसील सदर लालधर सिंह यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार तजवापुर राजेश श्रीवास्तव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान पोस्ट ग्रेजुएट कालेज हेतु उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर व नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन कुमार श्रीवास्तव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महराज सिंह इण्टर कालेज, सिविल लाइन निकट इन्दिरा स्टेडियम हेतु तहसीलदार सदर अनिरूद्व यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार कैसरगंज सुरेन्द्र कुमार वर्मा को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## 16 से प्रारंभ होगी परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा तिथि घोषित होने के बाद ही विभाग परीक्षा की तैयारियों में जुट गया है। जिले के 984 विद्यालयों में कुल एक लाख 49 हजार 390 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 16 से 20 मार्च तक चलेंगी। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके तहत 16 से 20 मार्च तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बीएसए अजय कुमार ने बताया कि 16 मार्च को प्रथम व द्वितीय पाली में कक्षा एक से पांच तक की मौखिक परीक्षा कराई जाएगी। वहीं, कक्षा छह, सात व आठ के लिए प्रथम पाली में बेसिक क्राफ्ट, कला, कृषि व गृह शिल्प तथा द्वितीय पाली में खेल व शारीरिक शिक्षा के साथ ही स्काउटिंग की परीक्षा कराई जाएगी। इसी तरह से 17 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो से आठ तक गणित व द्वितीय पाली में संस्कृत व उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित होगी। 18 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो से आठ तक सामाजिक विषय तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा कराई जाएगी। 19 मार्च को कक्षा दो से आठ तक प्रथम पाली में हिंदी व द्वितीय पाली में कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों की कला तथा संगीत विषय की परीक्षा आयोजित होगी। बीएसए ने बताया कि 20 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा तीन, चार व पांच के लिए कार्यानुभव व नैतिक शिक्षा तथा छह, सात व आठ के लिए विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी। द्वितीय पाली में कक्षा छह, सात व आठ के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।



मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।
-विनोबा भावे, संत

## तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

### प्रसंगवश

## दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।



अतुल गोयल
लेखक

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कंपनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

### आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।
-डोनॉल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।
-मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।

Bn THOUGHT
बीएन थॉट
ब्लॉगर

न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और



परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

अनोखी परंपरा

# तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम



राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

आर्ट गैलरी

# हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

लोकायन

# कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





# प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 11 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों – विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास – पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं। कंपनी ने बताया कि उसका लक्ष्य 2030 तक 55 प्रतिशत वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है।कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के नियमों के तहत लाया जा रहा है।

### गुजरात में उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50% कटौती

**अहमदाबाद।** पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुजरात सरकार ने घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को होने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी घर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी न हो। उन्होंने कहा कि गैस की घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तथा उर्वरक और दूध प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत कटौती की गई है।

### 22% बढ़ा जनवरी-फरवरी में चीन का निर्यात

**हांगकांग।** अमेरिका के साथ व्यापार में कमी आने के बावजूद चीन का निर्यात वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर लगभग 22 प्रतिशत बढ़ गया। चीन के सीमा शुल्क प्रशासन की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-फरवरी 2026 की अवधि में चीन का आयात लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा, जबकि दिसंबर में यह वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। अमेरिका से चीन के आयात में सालाना आधार पर लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इस अवधि में निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से अधिक रही। यह दिसंबर में दर्ज 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से काफी ज्यादा है। अमेरिका के साथ तनाव के बावजूद चीन का निर्यात बढ़ना उसकी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माना जा रहा है।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।




इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

## निफ्टी भी 233.55 चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।



सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

**मुंबई, एजेंसी**

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

# बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ''ग्राउंड रेंट'' कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को 'ड्वेल टाइम' कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले 'रीफर' (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।



अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

**अच्छी खबर** | रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

# अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।



क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

## 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

# सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ''प्राथमिकता क्षेत्र-2'' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।



मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### पासपोर्ट कार्यालयों और डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद राजस्थान के कई शहरों में पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों की मंगलवार को गहन जांच की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत जयपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की गई। जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र, डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालयों व सेवा केंद्रों को खाली कराया गया और जांच की गई। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने बताया, कार्यालयों में प्रवेश तुरंत रोककर लोगों को बाहर निकाल दिया गया।

# कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

- घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।

# तेल संकट की आहट



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

## सुप्रीम आदेश- निर्वाचन आयोग नहीं करेगा न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।



सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा, न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से नाम हटाने के 10.16 लाख दावों-आपत्तियों पर सुनवाई की है।

### अपीलीय निकाय बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं तथा निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा

भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

# राजौरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया।

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर नौशेरा सेक्टर में झंगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सतर्क सैनिकों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी को मार गिराया गया और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी गई। सेना के अनुसार दूसरे आतंकी की तलाश के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसके लिए जमीनी और हवाई निगरानी को भी बढ़ाया गया है।

# विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में रही है भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**



- प्रिटोरिया में उद्योग जगत और शिक्षाविदों की बैठक में बोले दक्षिण अफ्रीका के मंत्री

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीतिनिर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है।

गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा, प्रमुख शक्तियों की ओर से आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की उसकी योजनाओं पर मंत्री ने कहा कि भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा, भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाय एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की उस व्यवस्था में भारत एक सहायक भागीदार के रूप में उभरा था।

# चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

- शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

# मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को



**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।

पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृष** – आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**धनु** – आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।

**मकर** – आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**सिंह** – आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**कुंभ** – आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04 .19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22 .00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी**

**आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद**

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।

रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

# एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

